E-PAPER

थिंक राजस्थान

जयपुर
9 अक्टूबर, 2026
शुक्रवार

▪ वर्ष: 1 ▪ अंक: 86 / पृष्ठ 8 / अंग्रेजी/हिन्दी (दैनिक) | सोच नई, राजस्थान के लिए | मूल्य : ₹10 / प्रभात / RNI NO.: RJMUL/26/A4290

75 साल के दिग्गज अभिनेता नाना पाटेकर का गोवा में दिल का दौरा पड़ने से निधन

नाना कहते थे-मौत के बाद जिंदगी रुकती नहीं, इंसान के जाने के बाद लोग धीरे-धीरे जिंदगी में आगे बढ़ जाते हैं

वे मजाक में कहते थे

- मैंने अपनी 12 मन लकड़ियां रखी हुई हैं। वो सूखी हैं। उसी में मुझे जलाना। गीली लकड़ी मत इस्तेमाल करना
- नाना ने कभी अपने संघर्ष को छिपाया नहीं। वे खुलकर बताते थे कि उन्होंने भूख देखी है, गरीबी देखी है और अपमान भी सहा है



जन्म : 1 जनवरी 1951 - मृत्यु: 8 अक्टूबर 2026

एजेंसी ▶▶ मुंबई

दिग्गज अभिनेता नाना पाटेकर का गुरुवार सुबह 75 साल की उम्र में निधन हो गया। गोवा स्थित उनके घर पर उन्हें कार्डियक अरेस्ट आया था। हालत बिगड़ने के बाद उन्हें बचाने के लिए करीब 45 मिनट तक सीपीआर दी गई, लेकिन डॉक्टर उन्हें बचा नहीं पाए। नाना पाटेकर का अंतिम संस्कार पुणे स्थित उनके फार्महाउस में किया जाएगा। मणिपाल हॉस्पिटल के डॉ. शेखर सालकर ने बताया कि नाना पाटेकर को सुबह करीब 5:20 बजे मृत घोषित किया गया। जिस वक्त उनकी तबीयत बिगड़ी, घर पर परिवार का कोई सदस्य मौजूद नहीं था। उनके साथ दोस्त और केयरटेकर थे। अब शव का पोस्टमॉर्टम कराया जाएगा। नाना पाटेकर की तबीयत अचानक बिगड़ी। उन्होंने पहले दोस्त से संपर्क करने की कोशिश की। दोस्त जब करीब 4 बजे घर पहुंचे, तब नाना पाटेकर की हालत तेजी से बिगड़ रही थी। उन्हें पसीना आ रहा था और वह धीरे-धीरे बेहोशी की हालत में जा रहे थे। इसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाने की कोशिश शुरू हुई। डॉक्टरों ने करीब 45 मिनट से एक घंटे तक उन्हें बचाने की कोशिश की, लेकिन उनकी जान नहीं बच सकी। नाना कहते थे कि मौत के बाद जिंदगी रुकती नहीं।

रात 2:30 बजे नाना ने दोस्त को मैसेज किया था

डॉ. शेखर ने बताया कि रात करीब 2:30 बजे नाना ने एक दोस्त को मैसेज कर तबीयत ठीक नहीं लगने की बात कही थी। दोस्त ने उस समय मैसेज नहीं देखा। बाद में फोन करने पर वह करीब 4 बजे नाना के घर पहुंचा। उस वक्त नाना को काफी पसीना आ रहा था। उनकी हालत बिगड़ रही थी। कुछ देर बाद वह बेहोश होने लगे।

'परिंदा' में विलेन बने, 3 नेशनल अवॉर्ड

नाना पाटेकर ने 100 से ज्यादा फिल्में कीं। 1989 की फिल्म 'परिंदा' में नाना ने अन्ना का किरदार निभाया, जिसके लिए उन्हें बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर का नेशनल फिल्म अवॉर्ड मिला। 1994 की 'क्रांतिवीर' के लिए उन्हें बेस्ट एक्टर का नेशनल अवॉर्ड मिला। 1996 की 'अग्निसाक्षी' के लिए भी उन्हें बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर का नेशनल अवॉर्ड मिला। इस तरह उन्हें करियर में 3 नेशनल फिल्म अवॉर्ड मिले। भारतीय सिनेमा में योगदान के लिए नाना पाटेकर को 2013 में पद्मश्री से सम्मानित किया गया। अपने लंबे फिल्मी करियर में उन्होंने हिंदी के साथ मराठी फिल्मों में भी काम किया।

ब्रीफ न्यूज

हवाई सफर होगा महंगा बढ़ाया फ्यूल सरचार्ज

नई दिल्ली। हवाई यात्रियों के लिए सफर महंगा होने जा रहा है। एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस ने एविएशन टर्बाइन फ्यूल (एटीएफ) की बढ़ती कीमतों के बीच फ्यूल सरचार्ज बढ़ाने का फैसला किया है। नई दरें 9 अक्टूबर से लागू होंगी और घरेलू व अंतरराष्ट्रीय दोनों उड़ानों पर प्रभावी रहेंगी। यानी 9 अक्टूबर या उसके बाद यात्रियों को अधिक फ्यूल सरचार्ज देना होगा।

निवेशकों के 10 लाख करोड़ रुपए स्वाह हो गए

नई दिल्ली। भारतीय शेयर बाजार में गुरुवार को कारोबार के आखिरी दौर में भारी गिरावट देखने को मिली। सेंसेक्स और निफ्टी में तेज बिकवाली के चलते निवेशकों के करीब 10.10 लाख करोड़ रुपए डूब गए। दोपहर 1 बजे तक बीएसई का सेंसेक्स 1000 अंक से ज्यादा टूटकर 71,567 के स्तर पर आ गया, जबकि एनएसई का निफ्टी 350 अंक से अधिक फिसलकर 22,231 पर कारोबार कर रहा था। रिलायंस और अडानी के शेयरों में गिरावट रही।

» अंदर विशेष

- कार्यशाला में विद्यार्थियों को साइबर अपराध की जानकारी दी

...पढ़े पेज 2 पर

प्रधानमंत्री ने इंडिया मोबाइल कांग्रेस के 10वें संस्करण की शुरुआत की

जिनकी मुफ्त की कमाई बंद हो गई, वे मोदी से प्यार करेंगे क्या? राशि का दुरुपयोग थमा

- 5 लाख करोड़ रुपए गलत हाथों में जाने से बचे
- 50 लाख करोड़ रुपए लाभार्थियों के खातों में पहुंचे
- तकनीक और सरकारी योजनाओं का जिक्र किया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इंडिया मोबाइल कांग्रेस के 10वें संस्करण में डिजिटल तकनीक और सरकारी योजनाओं का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि आज मोबाइल फोन सिर्फ बातचीत का जरिया नहीं रहा, यह सुशासन का बड़ा माध्यम बन चुका है। इसी दौरान उन्होंने डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर यानी डीबीटी का भी जिक्र किया। पीएम ने कहा कि डीबीटी के जरिए 50 लाख करोड़ रुपए लाभार्थियों के बैंक खातों तक पहुंचे। इससे करीब 5 लाख करोड़ की बचत हुई है। उन्होंने कहा कि इस वजह से जिनकी मुफ्त की कमाई बंद हो चुकी है, वे मोदी से प्यार करेंगे क्या? पीएम मोदी ने कहा कि सरकार की डिजिटल व्यवस्था से सरकारी मदद सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में पहुंच रही है। मोबाइल से जुड़े बैंक खातों के जरिए लोगों तक सरकारी सहायता पहुंची है। इससे व्यवस्था में होने वाली लीकेज को रोकने में मदद मिली है। पीएम ने कहा कि यह कोई छोटी रकम नहीं है। उनके अनुसार यह पैसा गलत हाथों में जाने से बचा है।

मोबाइल फोन सुशासन का बड़ा माध्यम बना

डिजिटल इंडिया कार्यक्रम से देश की स्थिति बदली

पीएम मोदी ने कहा कि मोबाइल टेक्नोलॉजी में भारत आगे बढ़ा है. इंडिया मोबाइल कांग्रेस भारत की प्रगति का मंच है। पीएम मोदी ने कहा कि डिजिटल इंडिया कार्यक्रम से स्थिति बदली है। एक दशक पहले तक डिजिटल डिवाइस चुनौती थी। पहले साधन संपन्न ही लाभ ले सकते थे। हमारा लक्ष्य हर सीमा से परे विस्तार का है। इंडिया मोबाइल कांग्रेस भारत के सपनों का मंच है। पीएम मोदी ने कहा कि बीते 10-12 वर्षों में मोबाइल फोन आधुनिक संचार के माध्यम के साथ-साथ सुशासन का भी अहम टूल बनकर सामने आया है. ये डिजिटल इंडिया विजन के कोर में रहा है।

डीपफेक और साइबर सुरक्षा पर भी की बात

प्रधानमंत्री ने डिजिटल सुरक्षा को लेकर भी चिंता जताई। उन्होंने डेटा की सुरक्षा और साइबर धोखाधड़ी का मुद्दा उठाया। उन्होंने डीपफेक जैसी तकनीक से पैदा होने वाली चुनौतियों का भी जिक्र किया। पीएम ने कहा कि डिजिटल दुनिया में बढ़ती चुनौतियों से निपटने के लिए वैश्विक स्तर पर एक मजबूत ढांचे की जरूरत है। उन्होंने डेटा और डिजिटल सुरक्षा को लेकर देशों के बीच सहयोग की जरूरत बताई।

डिजिटल व्यवस्था से लोगों का काम आसान

पीएम मोदी ने कहा कि पिछले 10 से 12 साल में मोबाइल फोन की भूमिका काफी बदल गई है। उन्होंने कहा कि आज सैकड़ों सरकारी सेवाएं मोबाइल फोन पर उपलब्ध हैं। लोगों को कई कामों के लिए सरकारी दफ्तरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ते। डिजिटल व्यवस्था ने सरकारी सेवाओं को लोगों तक पहुंचाने का तरीका बदला है।

हम इसे पूरा करके रहेंगे

पीएम मोदी ने पूछा कि क्या उन्होंने सही काम किया या नहीं। पीएम ने कहा कि इस तरह की गड़बड़ियों को रोका जाना चाहिए या नहीं। उन्होंने कहा कि विरोध और आलोचना के बावजूद वह इस काम को जारी रखेंगे। उन्होंने कहा कि वह इसे पूरा करके रहेंगे।

गेमिंग इकोसिस्टम में युवाओं की बढ़ी भूमिका

पीएम मोदी ने भारत के गेमिंग इकोसिस्टम का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि देश में 50 करोड़ से ज्यादा लोग गेमिंग इकोसिस्टम का हिस्सा हैं। इसमें छोटे शहरों और कस्बों के युवाओं की भी बड़ी भूमिका है। इंडिया मोबाइल कांग्रेस के इस कार्यक्रम में केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के अलावा देश और विदेश के कई उद्योगपति और टेक्नोलॉजी से जुड़े लोग शामिल हुए।

डिजिटल गवर्नेंस ने देश के हालात को बदल दिया

पीएम मोदी ने कहा कि मोबाइल और इंटरनेट की कनेक्टिविटी ने शिक्षा, स्वास्थ्य और सरकारी सेवाओं को बिना बाधा चालू रखा। आज दूर-सुदूर गांव, गरीब के बच्चे भी गुणवत्तापूर्ण ज्ञान तक पहुंच पा रहे हैं। डिजिटल लर्निंग सबकी पहुंच में आ रही है। डिजिटल गवर्नेंस ने इन हालात को बदल दिया है। आज, सैकड़ों सरकारी सेवाएं मोबाइल फोन पर उपलब्ध हैं।सरकारी मदद अब सीधे लाभार्थियों के खातों में पहुंचती है।

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन द्वारा वाराणसी, उत्तर प्रदेश में आयोजित 'युवा संवाद' कार्यक्रम को संबोधित किया

राहुल गांधी और विपक्ष केवल चुनाव के समय सक्रिय होकर अराजकता फैलाते हैं: नवीन

कहा, प्रधानमंत्री मोदी के 'विकसित भारत @ 2047' के विराट संकल्प को साकार करने में देश के युवाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने गुरुवार को उत्तर प्रदेश के वाराणसी में आयोजित 'युवा संवाद' कार्यक्रम को संबोधित किया और कहा कि आज की पीढ़ी परिवर्तन की वाहक है और उसकी बात सुनना आवश्यक है। नवीन ने बताया कि आदरणीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में स्टार्टअप, आईटी, एआई, सेमीकंडक्टर, मेडिकल शिक्षा और बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में नए अवसर बने हैं।

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने 2047 तक भारत को विकसित और विश्व गुरु बनाने के लिए युवाओं से पूर्ण समर्पण के साथ योगदान देने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान उत्तर प्रदेश भाजपा प्रदेशाध्यक्ष एवं केंद्रीय राज्य मंत्री पंकज चौधरी सहित अन्य नेतागण उपस्थित रहे। इससे पहले उत्तर प्रदेश प्रवास के दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष ने बाबा विश्वनाथ की नगरी काशी में भगवान भोलेनाथ के दर्शन कर विधिवत पूजा-अर्चना की। उन्होंने प्रार्थना की कि बाबा विश्वनाथ की कृपा समस्त देशवासियों पर सदैव बनी रहे। नवीन ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता 24x7 काम करता है। उसके लिए हर दिन काम है और हर दिन चुनाव है। हम वे लोग नहीं हैं, जो केवल चुनाव के समय आते हैं। हमारे कार्यक्रम, हमारे काम और जनता के साथ हमारा संवाद पूरे साल चलता है। ये (राहुल गांधी और विपक्ष) अराजकतावादी मानसिकता के लोग हैं, जिन्हें केवल समाज में विष घोलना आता है। अगर ऐसा ही था, तो केरल में भी चुनाव इसी चुनाव आयोग ने कराया था। तमिलनाडु में, जहां ये पीछे से सत्ता में पहुंचे हैं, वहां का चुनाव भी इसी चुनाव आयोग ने कराया था। अगर हिम्मत है, तो राहुल गांधी को पहले अपना इस्तीफा देना चाहिए। वे जिस प्रकार का खेल ये खेल रहे हैं, वो देश की जनता देख रही है। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि घुसपैठियों को संरक्षण देने का काम नेता प्रतिपक्ष कर रहे हैं। जो लोग अलग-अलग जगहों से आकर भारत के लोगों का हक मार रहे हैं, उन्हें हक दिलाने का प्रयास किया जा रहा है। भारत के संसाधनों, भारत की संपदा और भारत की भूमि पर यहां के लोगों का हक है। मगर हम घुसपैठियों का हक नहीं होने देंगे।

ज्ञानेश कुमार के खिलाफ विपक्ष का लगातार तीसरे दिन प्रदर्शन: राहुल-प्रियंका ने बापू को श्रद्धांजलि दी

दोनों के खिलाफ अब तक 4 एफआईआर

नई दिल्ली। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे और SIR के विरोध में विपक्ष ने दिल्ली में गुरुवार को लगातार तीसरे दिन प्रदर्शन किया। राहुल-प्रियंका गांधी और INDIA ब्लॉक के सांसदों ने पहले कनॉट प्लेस में लंच किया, फिर बसों से राजघाट पहुंचे। प्रदर्शन को देखते हुए भारी सुरक्षा व्यववस्था की गई थी। राजघाट पर करीब एक घंटे इंतजार के बाद उन्हें अंदर जाने दिया। यहां सांसदों ने बापू को श्रद्धांजलि दी।

दिल्ली पुलिस ने प्रदर्शन को लेकर राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और अन्य नेताओं के खिलाफ अब तक 4 FIR दर्ज की हैं। इनमें मारपीट, सरकारी काम में बाधा और बीएनएसएस (BNSS) की धारा 163 के उल्लंघन के आरोप हैं। इससे एक दिन पहले आकाशवाणी भवन में बिना अनुमति घुसने के आरोप में दोनों के खिलाफ FIR दर्ज हुई थी। दिल्ली में पिछले दो दिनों से धरने का एक ही पैटर्न दिखा। कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे विपक्षी सांसदों को लंच पर बुलाते हैं, सांसद खाना खाते हैं, फिर बसों में बैठकर निकल जाते हैं। फर्क इतना है कि बुधवार को मंजिल जंतर-मंतर थी और गुरुवार को राजघाट। इससे पहले विपक्ष ने संसद से चुनाव आयोग तक मार्च निकाला था।

आज फिर प्रदर्शन कर सकता है विपक्ष

सुबह 10 बजे राष्ट्रपति से मुलाकात: मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का इस्तीफा और SIR और मतदाता सूची में कथित गड़बड़ियों को लेकर INDIA ब्लॉक का 10 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से राष्ट्रपति भवन में मुलाकात करेगा। राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे के प्रतिनिधिमंडल में शामिल होने की खबर है। ऐसी भी खबर है कि विपक्ष शुक्रवार को लगातार चौथे दिन भी प्रदर्शन कर सकता है।

10 अक्टूबर को CJP का प्रदर्शन: कॉकरोच जनता पार्टी ने ऐलान किया है कि वह 10 अक्टूबर को दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रदर्शन करेगी। पार्टी ने 7 अक्टूबर को दिल्ली पुलिस को प्रदर्शन की सूचना दी थी, लेकिन पुलिस ने इसकी अनुमति नहीं दी है। इसके बावजूद संगठन ने प्रदर्शन करने की बात कही है।

एंटीलिया केस में आरोपी इंस्पेक्टर वझे को जमानत देने पर रोक

मुंबई। बॉम्बे हाईकोर्ट ने गुरुवार को पूर्व API सचिन वझे की महंगी कारों और ओबेरॉय होटल में 100 दिन ठहरने पर सवाल उठाए। NIA की जमानत के खिलाफ याचिका पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने पूछा कि असिस्टेंट पुलिस इंस्पेक्टर रैंक का अफसर मर्सिडीज और बीएमडब्ल्यू जैसी महंगी कारें कैसे इस्तेमाल करता था।

NIA ने बताया कि वझे इन कारों से पुलिस कमिश्नर के ऑफिस और मुख्यमंत्री के बंगले तक जाते थे। कोर्ट ने इन तथ्यों को वझे पर लगे जबरन वसूली के आरोपों से जोड़कर देखा। वझे 2021 के एंटीलिया बम कांड और कारोबारी मनसुख हिरेन की हत्या के आरोपी हैं। NIA ने विशेष अदालत के 29 सितंबर के जमानत आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी है। हाईकोर्ट ने वझे की जमानत पर रोक 14 अक्टूबर तक बढ़ा दी है। वह फिलहाल ठाणे सेंट्रल जेल में है।

ट्रम्प ने मस्क को नेशनल साइंस मेडल से नवाजा: बोले- इलॉन हमारे दौर के एडिसन

वॉशिंगटन डीसी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने गुरुवार को व्हाइट हाउस में आयोजित 'साइंस: ए न्यू गोल्डन एज समिट' में इलॉन मस्क को नेशनल मेडल ऑफ साइंस से सम्मानित किया। ट्रम्प ने अंतरिक्ष खोज, तकनीक और इनोवेशन में मस्क के योगदान की तारीफ करते हुए उन्हें 'राष्ट्रीय धरोहर' और 'आधुनिक दौर का थॉमस एडिसन' बताया। अवार्ड देने से पहले ट्रम्प ने मस्क को उद्योग जगत का दिग्गज, शानदार इंजीनियर और अब तक के सबसे महान टेक्नोलॉजी फाउंडर्स में से एक बताया। उन्होंने कहा कि मस्क की प्रतिभा और दृढ़ संकल्प ने विज्ञान-कथा को हकीकत में बदल दिया है।

ट्रम्प ने टेस्ला की स्थापना में मस्क की भूमिका की भी तारीफ की। उन्होंने टेस्ला को 75 साल से ज्यादा समय में सफल होने वाली पहली नई कार निर्माता कंपनी बताया और कहा कि कंपनी ने इलेक्ट्रिक कारों और सेल्फ-ड्राइविंग तकनीक को व्यावसायिक रूप से सफल बनाया। ट्रम्प ने अपने चाचा डॉ. जॉन ट्रम्प का भी जिक्र किया, जिन्हें अमेरिकी सरकार ने आविष्कारक निकोला टेस्ला के काम का आकलन करने के लिए नियुक्त किया था। उन्होंने मस्क के न्यूरालिंक और सुपरइंटेलिजेंस से जुड़े काम की भी तारीफ की। ट्रम्प ने कहा कि मस्क ऐसे लोगों की नजर, बोलने और चलने की क्षमता बहाल करने पर काम कर रहे हैं, जो इन्हें खो चुके हैं।

नेशनल मेडल ऑफ साइंस की स्थापना 1959 में हुई थी

नेशनल मेडल ऑफ साइंस से गूगल के को-फाउंडर सर्गेई ब्रिन, एनवीडिया के सीईओ जेंसन हुआंग और एएमडी की सीईओ लिसा सु को भी सम्मानित किया गया। वहीं, डेल टेक्नोलॉजीज के सीईओ माइकल डेल और माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ सत्या नडेला को नेशनल मेडल ऑफ टेक्नोलॉजी एंड इनोवेशन दिया गया। यह ट्रम्प के दोनों कार्यकालों में पहली बार था, जब उन्होंने नेशनल मेडल ऑफ साइंस और नेशनल मेडल ऑफ टेक्नोलॉजी एंड इनोवेशन दिए। अमेरिकी आविष्कारक और वैज्ञानिक थॉमस अल्वा एडिसन का नाम बिजली के बल्ब से सबसे ज्यादा जुड़ा है।

बागला स्कूल में जागरूकता कार्यशाला: विद्यार्थियों को साइबर अपराध की जानकारी दी

थिंक राजस्थान • चूरू। पीएम श्री राजकीय बागला उच्च माध्यमिक विद्यालय में साइबर सुरक्षा एवं सुरक्षित डिजिटल नागरिकता विषय पर कार्यशाला आयोजित हुई। साइबर थाना चूरू के महावीर सिंह चरण ने विद्यार्थियों को साइबर अपराध, ऑनलाइन ठगी, फर्जी लिंक, ओटीपी फ्रॉड और सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग की जानकारी दी। उन्होंने साइबर अपराध होने पर तत्काल हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराने की अपील की। उपप्राचार्य विजयपाल धुआं ने कहा कि विद्यार्थियों के लिए डिजिटल साक्षरता के साथ डिजिटल अनुशासन भी जरूरी है। प्रधानाचार्य बबीता सैनी ने साइबर सुरक्षा को महत्वपूर्ण जीवन कौशल बताते हुए विद्यार्थियों से स्वयं जागरूक बनने और परिवार व समाज को भी जागरूक करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक उपस्थित रहे। संचालन एवं आभार कार्यक्रम प्रभारी जितेंद्र सैनी ने व्यक्त किया। अंत में विद्यार्थियों और शिक्षकों को साइबर सुरक्षा की शपथ दिलाई गई।

ब्रीफ न्यूज

आर्थिक संबल: दिवंगत कांस्टेबल सिकन्दर की पत्नी को मिली ₹5 लाख सहायता

थिंक राजस्थान • चूरू

पंकज सोनी । पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सेवा के दौरान मृत्यु होने पर उनके परिवार को आर्थिक संबल प्रदान करने के उद्देश्य से जिला पुलिस चूरू द्वारा वर्ष 2016 से सहायता योजना संचालित की जा रही है। इस योजना के तहत अब तक जिले में 1 आरपीएस, 3 पुलिस निरीक्षक, 3 पुलिस उप निरीक्षक, 3 सहायक उप निरीक्षक, 17 हेड कांस्टेबल, 38 कांस्टेबल, 1 वरिष्ठ लिपिक तथा 2 चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के परिवारों को आर्थिक सहायता प्रदान की जा चुकी है। इस व्यवस्था के तहत आईपीएस से सहायक उप निरीक्षक स्तर तक के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के वेतन से ₹300 तथा हेड कांस्टेबल, कांस्टेबल एवं मंत्रालयिक कर्मचारियों के वेतन से ₹200 की कटौती की जाती है। इसी राशि से दिवंगत पुलिसकर्मियों के परिवारों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाती है। इसी क्रम में पुलिस थाना हमीरवास में कार्यरत कांस्टेबल सिकन्दर (194) का 28 जून 2026 को निधन हो गया था। उनके परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान करते हुए 8 अक्टूबर 2026 को जिला पुलिस अधीक्षक निश्चय प्रसाद एम. ने उनकी पत्नी श्रीमती प्रियंका को ₹5 लाख की सहायता राशि प्रदान की। जिला पुलिस की इस पहल का उद्देश्य कर्तव्य के दौरान अपने साथी को खोने वाले पुलिस परिवारों को कठिन समय में आर्थिक सहारा देना है।

509 कॉलेजों और 4.25 लाख विद्यार्थियों के लिए MGSU में नए पाठ्यक्रमों की तैयारी*

थिंक राजस्थान • बीकानेर

महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय (MGSU) साइबर अवेयरनेस सहित नए रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रम शुरू करने और ऑनलाइन सुविधाओं के विस्तार की तैयारी कर रहा है। विश्वविद्यालय से जुड़े 509 कॉलेजों और करीब 4.25 लाख विद्यार्थियों के लिए केंद्रीयकृत ऑनलाइन एडमिशन सिस्टम विकसित किया जा रहा है। यह जानकारी नवनियुक्त कुलगुरु प्रो. नरसीराम बिश्नोई ने दी। प्रो. बिश्नोई ने बताया कि ऑनलाइन सिस्टम से विद्यार्थियों की प्रवेश प्रक्रिया आसान होगी और उन्हें बार-बार विश्वविद्यालय आने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। साथ ही तकनीकी दक्षता और आधुनिक विषयों की समझ विकसित करने पर जोर रहेगा। उन्होंने खेल सुविधाओं के विस्तार के लिए साई केंद्र खुलवाने, इनडोर स्पोर्ट्स स्टेडियम विकसित करने और ऑक्सीजन पार्क सहित अन्य इंफ्रास्ट्रक्चर को सक्रिय करने की बात कही। विश्वविद्यालय को नैक की सी ग्रेड से ए ग्रेड तक ले जाना भी प्राथमिकता में है। कुलगुरु ने कहा कि अनुशासन सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगा और पढ़ाई व शैक्षणिक गुणवत्ता से समझौता नहीं किया जाएगा। विश्वविद्यालय, शिक्षक और संबद्ध महाविद्यालयों को आधुनिक शिक्षा की जरूरतों के अनुरूप आगे बढ़ाने पर जोर दिया जाएगा।

वोट बचाओ देश बचाओ को लेकर इंडिया गठबंधन के सहयोगी दलों के साथ कांग्रेस ने रैली निकाली, विरोध प्रदर्शन किया

थिंक राजस्थान • जोधपुर

शहर जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता डॉ.संजय गॉड ने बताया कि आज इंडिया गठबंधन के सहयोगी दलों के साथ जोधपुर शहर जिला कांग्रेस ने विशाल रैली निकाल कर विरोध प्रदर्शन किया शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ओमकार वर्मा ने कहा कि शहर जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय से कांग्रेस के सहयोगी दलों के साथ विशाल रैली का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य रूप से CPIM ,CPM समाजवादी पार्टी के साथ जोधपुर के विभिन्न सामाजिक संगठनों ने संयुक्त रूप से विशाल जल समूह के साथ आक्रोश रैली निकाली जिसमें बड़ी संख्या में शहर जिला कांग्रेस कमेटी महिला कांग्रेस सेवादल युवा कांग्रेस एनएसयूआई सहित इंडिया गठबंधन के सहयोगी दलों के कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। यह रैली जोधपुर शहर जिला कांग्रेस कार्यालय से होती हुई कलेक्ट्रेट पहुंची जहां पर विरोध प्रदर्शन के दौरान पुलिस प्रशासन और कार्यकर्ताओं में एकबारगी तनाव की स्थिति बन गई कार्यकर्ता लगातार ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग पर नारे लगा रहे थे।

प्रदर्शन में शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ओमकार वर्मा पूर्व राज्य मंत्री राजेंद्र सिंह सोलंकी कॉमरेड गोपी किशन समाजवादी पार्टी के यादव कुमार सोनी पूर्व राज्य मंत्री रमेश बोराणा पूर्व महापौर कुंती देवड़ा पूर्व विधायक मनीषा पंवार सूरसागर विधायक प्रत्याशी शहजाद खान पूर्व उपमहापौर अब्दुल करीम जॉनी पूर्व जिला अध्यक्ष सलीम खान नरेश जोशी युवा कांग्रेस अध्यक्ष इरफान बैली संगठन महासचिव कुश गहलोत सहित कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने पुलिस के साथ विरोध प्रदर्शन किया इस दौरान पुलिस ने हल्का बल प्रयोग करते

हुए उन्हें पीछे खदेड़ने लगी जिससे माहौल थोड़ा सा गर्म हो गया और कार्यकर्ता आक्रोशित होकर नारे तेज लगने लगे कार्यकर्ताओं ने ज्ञानेश कुमार का पुतला फूंक कर अपना विरोध प्रदर्शन किया सभी ने संयुक्त रूप से बयान जारी करते हुए ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग की और कहा कि लोकतंत्र की रक्षा और संविधान की रक्षा के लिए इस प्रकार के षड्यंत्रकारी व्यक्ति को तुरंत अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए और जब तक उसका इस्तीफा नहीं आता है तब तक कांग्रेस और उसके सहयोगी दल आंदोलन करते रहेंगे कांग्रेस आम गरीब किसान और मजदूर की पार्टी है जो आम जनता के हक को किसी भी कीमत पर खत्म नहीं होने देगी।

आंदोलन में जगदीश सांखला इकबाल बेड बॉक्स प्रदीप गांग लियाकत अली रंगरेज सुनील मोहनोत आईदान राम सारण मयंक देवड़ा देवी सिंह सिसोदिया प्रीतम शर्मा इंतखाब आलम चेतन जयपाल नरेंद्र शर्मा अजीत राठी सुनील व्यास बृजेश पुरोहित मनीष व्यास इमरान खान सुरेश सागर हेम सिंह गहलोत परम सुख पुरोहित भंवरलाल अटवाल इलियास मोहम्मद शाहीन अंसारी हकीम खान नदीम इकबाल असलम खान मारवाड़ हरीश जोशी एजाज राज सैयद वसीम अख्तर फिरोज फैम दानीश फौजदार रिजवान राजा भरत जाजडा,दौलत सिंह, पुखराज देवराय सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

UGC विनियमों के विरोध में प्रधानमंत्री के नाम जिला कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

जोधपुर में सैकड़ों छात्रों ने प्रदर्शन कर जताया विरोध, विनियमों पर पुनर्विचार की मांग

थिंक राजस्थान • जोधपुर

UGC द्वारा उच्च शिक्षण संस्थानों में समानता एवं भेदभाव से संबंधित जारी 2026 के विनियमों के विरोध में UGC रोलबैक संघर्ष समिति के नेतृत्व में गुरुवार को सैकड़ों छात्रों ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नाम जिला कलेक्टर, जोधपुर को ज्ञापन सौंपकर संबंधित विनियमों पर पुनर्विचार करने की मांग की गई। समिति के संयोजक शम्भूसिंह मेड़तिया ने कहा कि उच्च शिक्षा के क्षेत्र में प्रत्येक विद्यार्थी को समान अवसर, सम्मान एवं निष्पक्ष शैक्षणिक वातावरण मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि UGC के नए विनियमों को लेकर सामान्य वर्ग के विद्यार्थियों में गंभीर चिंताएं हैं, इसलिए सरकार को इनके संभावित प्रभावों पर व्यापक विचार-विमर्श करना चाहिए।

ज्ञापन में मांग की गई कि संबंधित विनियमों की निष्पक्ष समीक्षा की जाए तथा विद्यार्थियों, शिक्षाविदों एवं विभिन्न वर्गों के प्रतिनिधियों से संवाद



किया जाए। यदि किसी प्रावधान से किसी भी वर्ग के विद्यार्थियों के शैक्षणिक अवसर प्रभावित होते हैं तो ऐसे प्रावधानों में आवश्यक संशोधन किया जाए अथवा उन्हें वापस लिया जाए। छात्र नेता रावल सिंह राठौड़ ने कहा कि उच्च शिक्षा व्यवस्था में समान अवसर और न्यायपूर्ण व्यवस्था सुनिश्चित की जानी चाहिए तथा किसी भी विद्यार्थी के साथ जाति के आधार पर भेदभाव नहीं होना चाहिए। इस दौरान एडवोकेट भरत सिंह राठौड़, छात्र नेता रावल सिंह राठौड़, सज्जन कंवर बाईसा नगेंद्र सिंह सारणू, रावल सिंह चाबा, भवानी सिंह बेलवा, आंब सिंह खिरजा, लोकेन्द्र सिंह किता, धीर सिंह झाफली, अविराज सिंह बागावास, बजरंग सिंह, कुंदन सिंह भाटी सहित सैकड़ों छात्र एवं युवा उपस्थित रहे।

माचिया जैविक उद्यान में 72वें वन्यजीव सप्ताह का समापन

विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता विद्यार्थी सम्मानित

थिंक राजस्थान • जोधपुर

माचिया जैविक उद्यान में 72वें वन्यजीव सप्ताह–2026 का समापन समारोह उप वन संरक्षक, वन्यजीव, जोधपुर श्री वीरभद्र मिश्र (आईएफएस) की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि जेएनवीयू के जूलोजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. गेमराराम परिहार रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में पशुपालन विभाग, जोधपुर के संयुक्त निदेशक डॉ. संजय किशन व्यास, जूलोजी सर्वे ऑफ इंडिया की निदेशक डॉ. इन्दु शर्मा तथा सेवानिवृत्त उप वन संरक्षक श्री भगवान सिंह राठौड़ उपस्थित रहे।

इस अवसर पर वन्यजीव सप्ताह के दौरान आयोजित चित्रकला, निबन्ध, प्रश्नोत्तरी एवं वाद-विवाद प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र एवं स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस प्रकार की प्रतियोगिताओं से विद्यार्थियों में वन्यजीवों के प्रति संवेदनशीलता के साथ-साथ प्रकृति एवं पर्यावरण के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित होता है। अतिथियों ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि वन एवं वन्यजीव प्राकृतिक पारिस्थितिकी तंत्र के अभिन्न अंग हैं। इनके संरक्षण के बिना पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखना संभव नहीं है। समारोह के अध्यक्ष श्री मिश्र ने उपस्थित सभी लोगों को वन एवं वन्यजीवों के संरक्षण की शपथ दिलाई। कार्यक्रम का संचालन सहायक वन संरक्षक प्रीती नागौरा ने किया। अंत में माचिया बायोलॉजिकल पार्क के सहायक वन संरक्षक बाबुलाल चौधरी ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम व्यक्तित्व विकास राज्य स्तरीय प्रतियोगिता 2026-27

कलाम की सोच से सजा राज्य स्तरीय मंच, 323 विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

निबंध, वाद-विवाद और देशभक्ति गायन में प्रदेशभर के विद्यार्थियों ने किया प्रतिभा का प्रदर्शन

थिंक राजस्थान • जोधपुर

राजस्थान सरकार की डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम व्यक्तित्व विकास योजना के अंतर्गत गुरुवार को राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, किसान कन्या नागौरी बेरा में राज्य स्तरीय साहित्यिक गतिविधियां एवं सांस्कृतिक लोक कला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए विद्यार्थियों ने साहित्य, तर्कशक्ति और संगीत के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला कलक्टर श्री आलोक रंजन ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थी सृजनशील एवं चिंतनशील बनें और अपने व्यक्तित्व के विकास को नई ऊंचाइयां प्रदान करें। उन्होंने विद्यार्थियों से अपने जीवन से दूसरों को प्रेरणा देने तथा देश के विकास में सहयोगी बनने का आह्वान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा, जोधपुर संभाग श्री हिम्मत सिंह तंवर ने की। स्थानीय पार्षद श्री सुभाष गहलोत एवं मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, मंडोर श्रीमती मंजू शर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

आयोजक विद्यालय की प्रधानाचार्य डॉ. कंचन चारण ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रदेश के 41 जिलों से चयनित प्रतिभागियों तथा स्वामी विवेकानंद मॉडल विद्यालयों के 10 विशेष प्रतिभागियों सहित कुल 323 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इनमें 250 छात्राएं एवं 83 छात्र शामिल रहे। राज्य स्तर पर चयनित विद्यार्थियों के बीच विभिन्न विधाओं में रोचक प्रतिस्पर्धा देखने को मिली।

प्रतियोगिता में निबंध, वाद-विवाद एवं देशभक्ति एकल गायन की तीन प्रमुख विधाएं शामिल रहीं। निबंध प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने समसामयिक विषयों के साथ डॉ. कलाम के विचारों एवं विजन को अपनी लेखनी के माध्यम से अभिव्यक्त किया। वाद-विवाद प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने तार्किक क्षमता, विषय की समझ और प्रभावी वाकपटुता का परिचय देते हुए अपने पक्ष को मजबूती से प्रस्तुत किया। वहीं, देशभक्ति एकल गायन में विद्यार्थियों की सुमधुर प्रस्तुतियों ने विद्यालय परिसर को राष्ट्रभक्ति के भाव से ओतप्रोत कर दिया। राज्य स्तरीय आयोजन के लिए शिक्षा विभाग एवं विद्यालय प्रशासन द्वारा व्यापक तैयारियां की गईं। कार्यक्रम संयोजक एवं संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा, जोधपुर संभाग हिम्मत सिंह तंवर, शैक्षिक प्रकोष्ठ के सहायक निदेशक श्री वीरेन्द्र सिंह शेखावत तथा आयोजक विद्यालय की प्रधानाचार्य डॉ. कंचन चारण की देखरेख में प्रतियोगिता का सफल संचालन हुआ।

तीनों गतिविधियों के पर्यवेक्षण का दायित्व मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, जोधपुर शहर पुरुषोत्तम राजपुरोहित, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, लूणी शमीम एवं मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, केरू श्री हिंगलाज दान चारण ने संभाला। उनके मार्गदर्शन में प्रतियोगिताएं शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुईं। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में रचनात्मकता, तार्किक चिंतन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता एवं देशभक्ति की भावना विकसित करना रहा। डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम के सपनों के भारत की संकल्पना को केंद्र में रखते हुए विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए राज्य स्तरीय मंच प्रदान किया गया। शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित समापन समारोह में विभिन्न विधाओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया। आयोजन ने विद्यार्थियों को प्रतिस्पर्धा के साथ सीखने, अपनी प्रतिभा निखारने और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने का अवसर प्रदान किया। आयोजक विद्यालय की प्रधानाचार्य डॉ. कंचन चारण ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन रतन सिंह चम्पावत, मंजू रैगर एवं भरत वैष्णव ने किया।

छात्राध्यापिकाओं ने ऑपन एयर कार्यक्रम में हिस्सा लेकर जानी स्काउट-गाइड की गतिविधियां, जीजी माता मंदिर के किए दर्शन

थिंक राजस्थान • बिलाड़ा

आदर्श महिला शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय बिलाड़ा द्वारा बीएड प्रथम की छात्राध्यापिकाओं के पाठ्यक्रम अनुसार ऑपन एयर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राध्यापिकाओं ने बढचढ कर हिस्सा लिया। महाविद्यालय के प्रबंधक वृक्षबंधु गोविंद राम सीरवी, प्राचार्य डॉ. रमेश राठौड़, सह निदेशक अरविन्द सिंह सीरवी, उपाचार्य एस.एस. झाला ने दलों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सह निदेशक अरविन्द सिंह सीरवी ने बताया कि शिक्षा के साथ-साथ छात्राध्यापिकाओं में सृजनात्मक भावों का संचार होना चाहिए। प्रशिक्षण के माध्यम से शिक्षा से संबंधित जानकारियां जुटाई जा सकती है। प्रवक्ता गजाराम परिहार ने बताया कि ऑपन एयर कार्यक्रम के तहत छात्राध्यापिकाओं ने स्काउट-गाइड ट्रेनिंग सेंटर का अवलोकन किया तथा स्काउट व गाइड द्वारा की जाने वाली गतिविधियों को जाना। यहां टेंट का निरीक्षण, भोजन बनाना,जूतों को व्यवस्थित रखना, बिस्तर स्टेण्ड, प्राथमिक उपचार पेटिका आदि की जानकारी प्रदान की गई। स्काउट गाइड संघ द्वारा महाविद्यालय प्रशासन का सम्मान किया गया। इसके पश्चात धार्मिक स्थल जीजी माता पाळ पहुंच आईमाता के दर्शन किए तथा यहां छात्राध्यापिकाओं ने श्रमदान भी किया। जीजी माता मन्दिर विकास समिति की और से छात्राध्यापिकाओं को मन्दिर परिसर का अवलोकन कराया तथा आई माता के जीवनी के बारे में बताया। प्रशिक्षण के दौरान कम्प्यूटर अनुदेशक जगदीश मेड़तवाल मौजूद रहे।

ब्रीफ न्यूज

निमाज विद्यालय में भामाशाह का सम्मान किया

थिंक राजस्थान • जैतारण

निमाज सेठ मेघराज ठोलिया राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय निमाज (अंग्रेजी माध्यम) जैतारण में विगत वर्ष भामाशाह नृसिंह व्यास ने खेल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 15 हॉकी स्टिक भेंट की थी परिणामस्वरूप इस सत्र में स्थानीय विद्यालय की कक्षा 6 की छात्रा नायरा का चयन 70 वीं राज्यस्तरीय छात्र छात्रा 14 वर्षीय हॉकी प्रतियोगिता के लिए जिला हॉकी टीम में हुआ। टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए इतिहास में पहली बार राज्यस्तरीय उपविजेता का खिताब हासिल किया साथ ही छात्रा का नायरा का हौसला बढ़ाने व अन्य छात्र छात्राओं को अभिप्रेरित करने के लिए स्थानीय विद्यालय के संस्था प्रधान जवरी लाल प्रजापत ने आशीर्वाद व सम्मान समारोह का आयोजन रखा जिसमें छात्रा की माता हीना बानो का भी बहुमान किया व जिला स्तर पर खेलने वाली समस्त छात्राओं सहित नायरा का साफा व माला पहनाकर स्वागत किया गया व उज्ज्वल भविष्य की कामना की इस उपलक्ष्य पर विद्यालय के अध्यापक हजारी लाल रोलानियां हिम्मत पूरी बिरजू दायमा लक्षित वैष्णव चेतन सोलंकी प्रिया टेलर प्रीति जांगिड़ अंजलि खिड़िया उपस्थित रहे।

बिटिया के जन्मदिन पर विद्यार्थियों को स्कूल बैग वितरित किए

थिंक राजस्थान • खारिया मीठापुर

में स्थित महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय में भामाशाह दिनेश राठौड़ पुत्र स्वरूप राम राठौड़ ने अपनी धर्मपत्नी श्रीमती हीना राठौड़ के साथ उपस्थित होकर अपनी बिटिया के दूसरे जन्म दिवस के अवसर पर एक मिसाल पेश की। आधुनिक दौर में जहाँ जन्मदिन के अवसर पर लोग तड़क-भड़क और महंगे आयोजनों पर बड़ी राशि खर्च करते हैं, वहीं दिनेश राठौड़ बेरा रूपारेल ने अपनी बेटी निहारिका राठौड़ के दूसरे जन्मदिवस को सेवा और सामाजिक सरोकार से जोड़कर एक प्रेरणादायक पहल पेश की। अपनी बिटिया के जन्मदिवस पर किसी तरह का फिजूलखर्ची वाला आयोजन करने के बजाय जरूरतमंद विद्यार्थियों को स्कूल बैग वितरित किए। नए स्कूल बैग पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। इस अवसर पर भामाशाह दिनेश राठौड़ ने कहा कि बच्चों के चेहरों पर आई खुशी और मुस्कान ही उनकी बेटी के जन्मदिवस का सबसे बड़ा उपहार और आशीर्वाद है। उन्होंने कहा कि हमें अपनी खुशियों में जरूरतमंद बच्चों को भी शामिल करना चाहिए। विद्यालय के प्रधानाचार्य रवि सीरवी ने भामाशाह दिनेश राठौड़ का माल्यार्पण एवं साफा पहनाकर अभिनन्दन किया तथा विद्यालय परिवार की ओर से उनके सेवा भाव के लिए आभार व्यक्त किया। विद्यालय स्टाफ एवं उपस्थित स्थानीय ग्रामीणों ने राठौड़ व उनकी धर्मपत्नी हीना राठौड़ की इस पहल की सराहना की।

मथुरादास माथुर अस्पताल के लेखाधिकारी राजीव राजौरिया एपीओ

थिंक राजस्थान • जोधपुर

मथुरादास माथुर अस्पताल (एमडीएमएच) के लेखाधिकारी राजीव राजौरिया को एपीओ कर दिया गया है। राजस्थान सरकार के वित्त विभाग ने इसके आदेश जारी किए। विभाग के संयुक्त शासन सचिव पवन जैमन ने अपने आदेश में प्रशासनिक कारणों का हवाला दिया है। राजौरिया को तत्काल प्रभाव से जयपुर में उपस्थिति देने के लिए कहा गया है।

जोधपुर के पारंपरिक हस्तशिल्प एवं स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने की पहल; प्रतिदिन दोपहर 3 से रात 9 बजे तक रहेगा आयोजन

अरबन हाट में 11 अक्टूबर से सजेगा 'दीपोत्सव क्राफ्ट बाजार', स्थानीय हस्तशिल्प उत्पादों को मिलेगा विपणन का मंच

पंच गौरव कार्यक्रम के तहत ओडीओपी प्रदर्शनी में हस्तशिल्प, लाइव डेमो, सांस्कृतिक कार्यक्रम और फूड कोर्ट होंगे आकर्षण का केंद्र

थिंक राजस्थान • जोधपुर

जिला प्रशासन, जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र तथा उद्यम प्रोत्साहन संस्थान, जोधपुर के संयुक्त तत्वावधान में नवरात्रा एवं दीपावली के अवसर पर पाली रोड स्थित अरबन हाट में 11 अक्टूबर 2026 से 'दीपोत्सव क्राफ्ट बाजार' एवं पंच गौरव कार्यक्रम के अंतर्गत ओडीओपी प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। प्रदर्शनी का उद्देश्य स्थानीय हस्तशिल्पियों, कारीगरों एवं स्वयं सहायता समूहों को उनके उत्पादों के प्रदर्शन एवं विपणन के लिए मंच उपलब्ध कराना है।

संयुक्त आयुक्त (उद्योग एवं वाणिज्य) एवं महाप्रबंधक श्रीमती पूजा मेहरा ने बताया कि जोधपुर का वुडन हैंडीक्राफ्ट फर्नीचर वैश्विक स्तर पर शहर की विशिष्ट पहचान है। पंच गौरव कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित ओडीओपी प्रदर्शनी में हस्तशिल्पियों एवं स्वयं सहायता समूहों द्वारा विभिन्न स्थानीय उत्पादों का प्रदर्शन एवं विक्रय किया जाएगा। प्रदर्शनी में लकड़ी के फर्नीचर, लाख की चूड़ियां, कोटा डोरिया के परिधान, रेशम की साड़ियां, वुडन एवं मेटल हैंडीक्राफ्ट, आरी-तारी, जूट बैग, पॉटरी, बुटीक, पेंटिंग, गारमेंट्स, मैट, पर्दे, खादी एवं ग्रामोद्योग उत्पाद, दरियां तथा हाथ से निर्मित मसाले, पापड़, अचार एवं अन्य खाद्य सामग्री की स्टॉल्स लगाई गई हैं।

म्यूजियम हॉल में प्रदर्शित होगी पारंपरिक कारीगरी

अरबन हाट परिसर स्थित म्यूजियम हॉल में लकड़ी के फर्नीचर, यूजेन हैंडीक्राफ्ट, बोन हैंडीक्राफ्ट, इनले वर्क, गोल्ड एम्बोज वर्क सहित जसवंत थड़ा एवं एक थंबा महल के केमल बोन से निर्मित बारीक कारीगरी के मॉडल आमजन के अवलोकन के लिए प्रदर्शित किए जाएंगे।

कारीगरों का हुनर दिखेगा

श्रीमती मेहरा ने बताया कि प्रदर्शनी में विभिन्न पारंपरिक शिल्पों का जीवंत प्रदर्शन भी किया जाएगा। जीयाबेरी के वरिष्ठ कारीगर श्री मगाराम प्रजापत द्वारा लूम पर सूती दरी बनाने, पोकरण के प्रयाग राम द्वारा चाक पर मिट्टी के उत्पाद तैयार करने तथा गडसूरिया के श्री रामरख जाट द्वारा लकड़ी एवं लोहे के फर्नीचर पर कॉटन रस्सी से बुनाई कार्य का प्रदर्शन किया जाएगा। इसके साथ ही आरी-तारी एवं पेपर मैशी उत्पादों का भी जीवंत प्रदर्शन किया जाएगा।

फूड कोर्ट, झूले और सांस्कृतिक कार्यक्रम रहेंगे विशेष आकर्षण

प्रदर्शनी में हस्तशिल्प उत्पादों के प्रदर्शन एवं विपणन के साथ आमजन के लिए फूड कोर्ट की व्यवस्था भी की गई है। बच्चों के मनोरंजन के लिए झूलों का संचालन किया जाएगा। इसके अतिरिक्त प्रतिदिन सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा। प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों का प्रथम एवं द्वितीय स्थान के लिए चयन कर उन्हें मोमेंटो प्रदान किए जाएंगे। मेहरा ने जोधपुरवासियों से स्थानीय कारीगरों एवं हस्तशिल्पियों को प्रोत्साहन देने के लिए प्रदर्शनी में अधिकाधिक संख्या में पहुंचने का आह्वान किया है। उन्होंने बताया कि प्रदर्शनी का समय प्रतिदिन अपराह्न 3 बजे से रात्रि 9 बजे तक रहेगा। प्रदर्शनी के माध्यम से आमजन को स्थानीय हस्तशिल्प एवं पारंपरिक उत्पादों को देखने, खरीदने तथा कारीगरों के हुनर से रूबरू होने का अवसर मिलेगा।

मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने धवा ब्लॉक के मतदान बूथ का किया निरीक्षण

चुनाव से पूर्व बूथों पर पेयजल, स्वच्छता, विद्युत एवं रैंप जैसी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश

थिंक राजस्थान • जोधपुर

पंचायतीराज आम चुनाव-2026 के मद्देनजर जिला परिषद, जोधपुर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी आशीष कुमार मिश्रा ने गुरुवार को पंचायत समिति धवा की ग्राम पंचायत भांडू स्थित मतदान बूथ का निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए विकास अधिकारी ओमप्रकाश को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

मतदान केंद्रों पर मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश

मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने कहा कि चुनाव से पूर्व ब्लॉक क्षेत्र में बनाए गए सभी मतदान बूथों पर पर्याप्त पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही, मतदान केंद्रों पर शौचालयों की साफ-सफाई सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश दिए, ताकि मतदान दलों एवं मतदाताओं को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो। उन्होंने सभी ग्राम पंचायतों में आदर्श आचार संहिता के प्रावधानों की पूर्ण पालना सुनिश्चित करने तथा चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने योजनाओं से संबंधित प्रचार-प्रसार सामग्री एवं बोर्ड को नियमानुसार ढककर रखने की जानकारी भी ली तथा इसकी पालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

विद्यालयों में बनाए जाने वाले मतदान केंद्रों का भी किया निरीक्षण: श्री मिश्रा ने मतदान केंद्र के रूप में चिन्हित विद्यालयों के कमरों का भी औचक निरीक्षण किया। उन्होंने कमरों में साफ-सफाई, पर्याप्त प्रकाश एवं विद्युत व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि मतदान के दौरान मतदान दलों एवं मतदाताओं को किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े।

बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं की सुविधा का रखें ध्यान

मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने मतदान केंद्रों पर बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं की सुविधा को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। उन्होंने मतदान केंद्रों पर उपलब्ध रैंप का समुचित उपयोग सुनिश्चित करने तथा आवश्यकतानुसार सुगम आवागमन की व्यवस्था रखने के निर्देश भी दिए।

शिक्षाविद् चौधरी बाबू साहब गुलाराम की जीवनी पर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता

थिंक राजस्थान • पीपाड़ शहर

निकटवर्ती रतकूड़िया गांव के शिक्षाविद् चौधरी बाबू साहब गुलाराम जी बेंदा की जीवनी पर आधारित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन आज चौधरी गुलाराम राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय परीक्षा केन्द्र में सम्पन्न हुआ।

आयोजक समिति ने बताया कि बाबू साहब की जीवनी पर आधारित इस प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में रतकूड़िया परिक्षेत्र में स्थित 5 विद्यालयों से 327 विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता में भाग लिया। इसमें चौधरी गुलाराम राजकीय उच्च माध्यमिक, महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम उच्च माध्यमिक, राजकीय संस्कृत उच्च माध्यमिक, कस्तूरबा छात्रावास एवं मयूर पब्लिक माध्यमिक विद्यालय रतकूड़िया के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को बाबू साहब की पुण्यतिथि 12 अक्टूबर के अवसर पर सुबह बाबू साहब सर्किल पर श्रद्धांजलि सभा के दौरान सम्मानित किया जाएगा। उसी दिन शाम को सभी ग्रामवासियों की तरफ से भव्य सत्संग का आयोजन भी किया जाएगा।

फलोदी जिले की आधारभूत संरचना पर प्रथम शोध, विकास नियोजन को मिलेगी नई दृष्टि

डॉ. कविता व्यास ने प्राप्त की पीएच.डी. की उपाधि

थिंक राजस्थान • फलौदी

फलोदी जिले के लिए गौरव की एक महत्वपूर्ण शैक्षणिक उपलब्धि सामने आई है। श्रीमती पूजा शांति लाल जी व्यास की पुत्री डॉ. कविता व्यास ने जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर के वाणिज्य संकाय के व्यावसायिक वित्त एवं अर्थशास्त्र विभाग से पीएच.डी. की उपाधि प्राप्त की है। डॉ. कविता व्यास इससे पूर्व विभिन्न शैक्षणिक डिग्रियों में तीन बार विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक प्राप्त कर चुकी हैं। डॉ. कविता व्यास ने प्रो. डॉ. नवनीता सिंह के निर्देशन में "क्षेत्रीय एवं ग्रामीण विकास के परिप्रेक्ष्य में आधारभूत संरचना की भूमिका : एक विश्लेषणात्मक अध्ययन (फलोदी, राजस्थान के विशेष संदर्भ में)" विषय पर अपना शोध कार्य पूर्ण किया।

यह शोध इसलिए विशेष महत्व रखता है क्योंकि फलोदी जिले की आधारभूत संरचना को केंद्र में रखकर किया गया यह प्रथम शोध अध्ययन है। शोध में फलोदी जिले की भौगोलिक, सामाजिक एवं आर्थिक विशिष्टताओं के साथ-साथ क्षेत्रीय एवं ग्रामीण विकास में आधारभूत संरचना की भूमिका का विस्तृत एवं विश्लेषणात्मक अध्ययन किया गया है।

इस संबंध में जानकारी उपलब्ध करवाते हुए डॉ. कविता व्यास के मेंटर एवं व्याख्याता विशंभर थानवी ने बताया कि शोध ग्रंथ में फलोदी जिले की आर्थिक आधारभूत संरचना के अंतर्गत औद्योगिक विकास, ऊर्जा, सड़क, रेल,

परिवहन, बस सेवा, बैंकिंग, कृषि, संचार एवं पर्यटन आदि क्षेत्रों का विस्तृत अध्ययन किया गया है। वहीं सामाजिक आधारभूत संरचना के अंतर्गत शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, स्वच्छता, सुरक्षा, पर्यावरण, प्रशासनिक एवं न्यायिक व्यवस्था, महिला एवं बाल कल्याण तथा पशुधन जैसे महत्वपूर्ण विषयों का तथ्यात्मक विश्लेषण प्रस्तुत किया गया है।

उन्होंने बताया कि यह शोध केवल अकादमिक दृष्टि से महत्वपूर्ण नहीं है, बल्कि फलोदी के भविष्य के विकास एवं प्रशासनिक नियोजन के लिए उपयोगी संदर्भ सामग्री के रूप में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। शोध में संकलित आंकड़े और निष्कर्ष क्षेत्र की वास्तविक आवश्यकताओं तथा विकास की प्राथमिकताओं को समझने में जनप्रतिनिधियों, प्रशासन एवं नीति-निर्माताओं के लिए उपयोगी हो सकते हैं।

शोध के माध्यम से यह समझने में सहायता मिल सकती है कि फलोदी जिले में किन क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं को और अधिक सुदृढ़ किए जाने की आवश्यकता है तथा उपलब्ध संसाधनों के बेहतर समन्वय से ग्रामीण एवं क्षेत्रीय विकास को किस प्रकार गति दी जा सकती है। स्थानीय परिस्थितियों और आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर भविष्य की विकास योजनाओं के निर्माण तथा उनके प्रभावी क्रियान्वयन में भी यह अध्ययन उपयोगी सिद्ध हो सकता है। डॉ. कविता व्यास की इस उपलब्धि को फलोदी के शैक्षणिक, शोध एवं बौद्धिक क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। विशेष रूप से अपने ही जिले की आधारभूत संरचना पर व्यापक शोध के माध्यम से उन्होंने क्षेत्र के विकास से जुड़े महत्वपूर्ण तथ्यों को अकादमिक विमर्श का हिस्सा बनाया है। उल्लेखनीय है कि डॉ. कविता व्यास अपनी शैक्षणिक प्रतिभा का परिचय पूर्व में भी दे चुकी हैं तथा विभिन्न डिग्रियों में तीन विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक प्राप्त कर चुकी हैं। पीएच.डी. की उपाधि प्राप्त करना उनकी इस निरंतर शैक्षणिक यात्रा में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि है। डॉ. कविता व्यास की इस उपलब्धि पर शिक्षाविदों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों एवं क्षेत्रवासियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी हैं तथा आशा व्यक्त की है कि उनका यह शोध फलोदी के समग्र एवं संतुलित विकास के लिए उपयोगी मार्गदर्शन प्रदान करेगा।

डंडे से की युवक की पिटाई, भाई से भी मारपीट: गाड़ी धोने को लेकर पड़ोसियों में हुआ था विवाद, बचाने आई महिला के सामने घेरकर मारा

थिंक राजस्थान • जयपुर

जयपुर के श्याम नगर थाना क्षेत्र स्थित शिव शक्ति नगर अजमेर रोड में पड़ोसियों के बीच मामूली बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के युवक और उसके भाई के साथ लाठी से मारपीट कर दी। घटना 6 अक्टूबर की सुबह करीब साढ़े 5 बजे की है। मारपीट का वीडियो भी सामने आया है। इसमें एक महिला युवक को बचाने का प्रयास करती नजर आ रही है। परिवादी रूपनारायण परेवा निवासी शिव शक्ति नगर अजमेर रोड जयपुर ने श्याम नगर थाने में मुकदमा दर्ज करवाया है। परिवाद के अनुसार- वह सुबह अपने घर पर पूजा-पाठ कर रहा था।सामने अगरबत्ती लगा रहा था। आरोप है कि पड़ोसी राधेश्याम निर्वाण ने अगरबत्ती लगाने का विरोध किया। इसके बाद रूप नारायण ने अगरबत्ती नहीं लगाई। इसके बाद राधेश्याम अपने घर के सामने स्कूटी धोने लगा। रूपनारायण और उसके परिवार ने घर के सामने स्कूटी धोने से मना किया तो विवाद बढ़ गया। आरोप है कि राधेश्याम ने गाली-गलौज शुरू कर दी।

परिवार के कई लोग पहुंचे, डंडे से मारपीट की

रूप नारायण के अनुसार- विवाद के दौरान राधेश्याम के दोनों बेटे आयुष और लकी भी मौके पर आ गए। इसके बाद राधेश्याम का बड़ा भाई गोपाल निर्वाण, उसका बेटा और विशाल निर्वाण भी वहां पहुंच गए। आरोप है कि सभी ने मिलकर रूपनारायण के साथ मारपीट शुरू कर दी। कुछ लोग लकड़ी और डंडे लेकर आए और उसके साथ मारपीट की। इस दौरान उसके शरीर पर कई चोटें आईं।

भाई को बचाने पहुंचे राजेंद्र से भी मारपीट

रूप नारायण के भाई राजेंद्र खटीक ने बताया कि घटना के समय वह दुकान पर था। उसके छोटे भाई रूप नारायण ने फोन कर विवाद की जानकारी दी, जिसके बाद वह मौके पर पहुंचा। राजेंद्र का आरोप है कि जब वह विवाद शांत कराने पहुंचा तो आरोपियों ने उसके साथ भी मारपीट की। राजेंद्र के मुताबिक- मारपीट के दौरान मेरे भाई को इतना पीटा गया कि उसके पैर पर नील के निशान पड़ गए। वीडियो में एक युवक के साथ मारपीट होती दिखाई दे रही है। इस दौरान एक महिला युवक को बचाने के लिए बीच में आती नजर आती है।

उपभोक्ताओं ने अधिकारों की शपथ ली: हर खरीद पर बिल लेने, उत्पाद और सेवाओं के प्रति जागरूक किया

थिंक राजस्थान • झुंझुनूं

जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग ने गुरुवार को 3.50 लाख लोगों को उपभोक्ता अधिकारों की शपथ दिलाई गई। इसके साथ ही न्याय टेबल, रात्रि उपभोक्ता चौपाल, उपभोक्ता न्यायोत्सव और अवकाश दिवस पर सुनवाई जैसे नवाचार किए। इसके साथ ही अध्यक्ष मनोज कुमार मील के न्यायिक सेवा में 2500 दिन पूरे हुए हैं। इस मौके पर जागरूक उपभोक्ताओं ने आयोग परिसर में रंगोली बनाकर उनके कार्यों के प्रति आभार जताया। आयोग की गतिविधियों को केवल मामलों की सुनवाई और फैसलों तक सीमित नहीं रखा गया। उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए कई प्रयोग किए गए। न्याय टेबल के जरिए उपभोक्ताओं को मार्गदर्शन दिया गया। रात्रि उपभोक्ता चौपाल के माध्यम से लोगों तक पहुंचने का प्रयास हुआ। उपभोक्ता न्यायोत्सव के जरिए बड़े स्तर पर जागरूकता अभियान चलाया गया। इसके अलावा अवकाश दिवस पर सुनवाई जैसे प्रयासों से लंबित मामलों के त्वरित निस्तारण पर जोर दिया गया। इसी दौरान प्रथम राष्ट्रीय उपभोक्ता संसद का आयोजन भी प्रमुख उपलब्धियों में शामिल रहा।

उपभोक्ता न्यायोत्सव के तहत करीब 3.50 लाख लोगों को उपभोक्ता संरक्षण की शपथ दिलाई गई। लोगों को हर खरीद पर बिल लेने, उत्पाद और सेवाओं के प्रति सजग रहने तथा अधिकारों का उल्लंघन होने पर कानूनी संरक्षण लेने के लिए प्रेरित किया गया।

रंगोली बना आभार जताया

गुरुवार को 2500 दिन पूरे होने के अवसर पर आयोग परिसर में जागरूक उपभोक्ताओं और युवाओं ने रंगोली बनाकर इस उपलब्धि को चिह्नित किया। रंगोली के माध्यम से 'कंज्यूमर्स वॉयस', 'उपभोक्ता देवो भवः' और त्वरित उपभोक्ता न्याय का संदेश दिया गया।

14 साल की नाबालिग का किडनैप, आरोपी गिरफ्तार:

थिंक राजस्थान • जयपुर

जयपुर पुलिस ने 14 साल की नाबालिग के अपहरण मामले में कार्रवाई की है। लड़की को उत्तर प्रदेश के भदोही जिले से बरामद कर लिया। पुलिस टीम ने करीब 900 किलोमीटर तक पीछा करते हुए 48 घंटे के भीतर नाबालिग को अपहरणकर्ता के चंगुल से छुड़ा लिया। पुलिस ने मामले में आरोपी को हिरासत में लिया है।

डीसीपी नॉर्थ करण शर्मा ने बताया कि पुलिस मुख्यालय की ओर से गुमशुदा नाबालिग लड़के-लड़कियों की दस्तयाबी के लिए 'ऑपरेशन खुशी-XI' चलाया जा रहा है। इसी अभियान के दौरान 5 अक्टूबर को परिवादी ने थाने में अपनी 14 वर्षीय नाबालिग बेटी के बिना बताए घर से चले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस ने तत्काल विशेष टीम का गठन किया। टीम ने नाबालिग के घर और घटनास्थल के आसपास लगे CCTV कैमरों की फुटेज खंगाली। फुटेज और तकनीकी सहायता से नाबालिग के ट्रेन के जरिए उत्तर प्रदेश की ओर जाने की जानकारी मिली। इसके बाद पुलिस टीम ने CCTV फुटेज और ट्रेन की लोकेशन के आधार पर नाबालिग का लगातार पीछा किया। टीम जयपुर रेलवे स्टेशन से भरतपुर, आगरा, वाराणसी होते हुए भदोही, उत्तर प्रदेश पहुंची।

गोपीगंज थाना पुलिस की मदद से बरामदगी

पुलिस टीम को नाबालिग की लोकेशन थाना गोपीगंज, जिला भदोही क्षेत्र में मिली। इसके बाद पुलिस ने स्थानीय पुलिस की मदद ली। चौकी जंगीगंज सराय क्षेत्र में तलाश करते हुए पुलिस ने नाबालिग को आरोपी के चंगुल से बरामद कर लिया। पुलिस ने नाबालिग को सकुशल जयपुर लाकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

जेडीसी और जोन उपायुक्त के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी

- जिला उपभोक्ता आयोग-2 ने पुलिस कमिश्नर से कहा- 12 अक्टूबर को पेश करें

थिंक राजस्थान • जयपुर

जिला उपभोक्ता आयोग-2 ने जेडीसी और जोन उपायुक्त-9 के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किए हैं। आयोग ने पुलिस कमिश्नर को निर्देश दिए हैं कि दोनों अधिकारियों को 12 अक्टूबर को पेश किया जाए। आयोग ने यह आदेश कृष्णा की अवमानना प्रार्थना पत्र पर सुनवाई करते हुए दिए।

प्रार्थना पत्र में कहा गया था कि उसने जेडीए की निलय कुंज आवास योजना में आवेदन किया था। इसमें उसे लॉटरी से भूखंड आवंटित हुआ था, लेकिन तय समय पर भी भूखंड का कब्जा नहीं देने पर उसने साल 2012 में जिला उपभोक्ता आयोग में परिवाद पेश किया।

इस पर आयोग ने साल 2016 में परिवादी के पक्ष में फैसला देते हुए जेडीए को निर्देश दिए कि वे परिवादी को कब्जा पत्र जारी करें। जेडीए ने आदेश के खिलाफ राज्य उपभोक्ता आयोग और राष्ट्रीय उपभोक्ता आयोग में अपील दायर की। दोनों जगह से जिला उपभोक्ता आयोग का आदेश बरकरार रहा, लेकिन फिर भी जेडीए ने आज तक उसे भूखंड का कब्जा नहीं दिया। इस पर अवमानना प्रार्थना पत्र दायर किया गया।

साल 2020 में अवमानना प्रार्थना पत्र दायर किया

इसके बाद परिवादी ने आदेश की पालना के लिए साल 2020 में आयोग में अवमानना प्रार्थना पत्र दायर किया। इसमें उसने कहा कि उसे लॉटरी में जो भूखंड आवंटित हुआ था। उसे जेडीए ने किसी दूसरे व्यक्ति को आवंटित कर दिया। इसके बाद परिवादी को अन्य भूखंड आवंटित करने का आश्वासन दिया गया। वह भी किसी दूसरे को आवंटित कर दिया गया। इसके बाद परिवादी को निलय कुंज योजना फेज-2 में भूखंड आवंटित किया गया। जेडीए ने आवंटित प्लॉट की चौड़ाई कम करके उसका क्षेत्रफल कम कर दिया। इस वजह से परिवादी को वास्तविक कब्जा प्राप्त नहीं हुआ।

विमंदित गृह में युवती से रेप का आरोप: ABVP का प्रदर्शन, कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

थिंक राजस्थान • झुंझुनूं

विमंदित गृह में रह रही एक 30 साल की मानसिक रूप से दिव्यांग युवती के साथ रेप और दुर्व्यवहार के आरोपों को लेकर गुरुवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (ABVP) ने जिला कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। परिषद कार्यकर्ताओं ने मामले की निष्पक्ष और उच्चस्तरीय जांच की मांग करते हुए जिला कलक्टर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में संस्थान की मान्यता, पूर्व सरकारी निरीक्षण, स्टाफ व्यवस्था और सुरक्षा रिकॉर्ड की भी जांच कराने की मांग की गई।

ABVP ने ज्ञापन में आरोप लगाया कि देखभाल और उपचार के लिए संस्थान में रह रही युवती के साथ दुष्कर्म के अलावा मारपीट, बाल काटने, पर्याप्त भोजन नहीं देने और काम कराने जैसे गंभीर दुर्व्यवहार किए गए। ABVP विभाग संयोजक कुलदीप सिंह जाखड़ ने कहा कि विमंदित गृह में रहने वाले लोग अपनी सुरक्षा और जरूरतों के लिए संस्थान की व्यवस्था पर निर्भर रहते हैं। ऐसे में उनकी देखभाल और सुरक्षा में किसी भी तरह की लापरवाही गंभीर विषय है। उन्होंने मामले की उच्चस्तरीय जांच और दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। छात्रा प्रतिनिधि सुरभि पुरोहित ने कहा कि मानसिक रूप से दिव्यांग महिलाओं और युवतियों की सुरक्षा से किसी भी स्तर पर समझौता नहीं होना चाहिए। उन्होंने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की। प्रदर्शन के दौरान ABVP विभाग संयोजक कुलदीप सिंह जाखड़, जिला संयोजक रोहित गुर्जर, छात्रा प्रतिनिधि सुरभि पुरोहित, दीप्ति, निशा, ललित सैनी, राहुल, अनिल, जतिन, सुमित डारा सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

बीकानेर में डॉक्टर और कांग्रेस नेता से हॉस्पिटल में मारपीट: ऑपरेशन के बाद महिला की मौत पर हंगामा

थिंक राजस्थान • बीकानेर

बीकानेर के रानी बाजार स्थित अपेक्स अस्पताल में पथरी के ऑपरेशन के बाद महिला मरीज की मौत पर बुधवार रात हंगामा हो गया। आक्रोशित परिजनों ने ऑपरेशन करने वाले सीनियर डॉक्टर और कांग्रेस नेता डॉ. तनवीर मालावत के साथ मारपीट की। मौके पर मौजूद लोगों ने बीच-बचाव कर आक्रोशित लोगों को डॉक्टर के केबिन से बाहर निकाला। घटना की सूचना पर कोटगेट पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन अब तक एफआईआर नहीं हुई है।

मामला रानी बाजार स्थित अपेक्स हॉस्पिटल का है। यहां लूणकरनसर की रहने वाली रुकसाना बानो का 6 अक्टूबर को पथरी का ऑपरेशन हुआ था। ऑपरेशन के बाद उनकी तबीयत बिगड़ती चली गई और बुधवार शाम उनकी मौत हो गई। इसके बाद आक्रोशित परिजन ऑपरेशन करने वाले डॉ. तनवीर मालावत के पास पहुंचे और मारपीट करने लगे। पार्षद नवल पुरोहित सहित कई लोगों ने बीच-बचाव कर मारपीट कर रहे लोगों को रोकने का प्रयास किया। काफी मशक्कत के बाद डॉक्टर को केबिन से बाहर निकाला गया। अस्पताल में अचानक हुए घटनाक्रम से अफरातफरी मच गई। अन्य मरीजों के परिजन भी मौके पर एकत्र हो गए।

डॉ. मालावत बोले- ऑपरेशन के 24 घंटे बाद दर्द और घबराहट हुई

डॉ. तनवीर मालावत ने बताया - रुकसाना के गॉल ब्लेडर में पथरी थी, जिसे ऑपरेशन कर बाहर निकाला गया था। ऑपरेशन के 24 घंटे बाद महिला ने दर्द और घबराहट की शिकायत की। वार्ड में डॉक्टर ने ईसीजी कर कार्डियोलॉजिस्ट को भेजी थी। इसके बाद इको किया गया। पल्स रेट ज्यादा आ रहा था, इसलिए उसे आईसीयू में भर्ती कराया गया। वहां अलग टीम होती है, जो उसकी देखरेख कर रही थी। इसी दौरान उसकी मौत हो गई।

बीकानेर पूर्व से कांग्रेस प्रत्याशी रह चुके हैं

डॉ. तनवीर मालावत बीकानेर पूर्व विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के प्रत्याशी रह चुके हैं। वे सर्जन हैं और खासकर पथरी व फिशर के ऑपरेशन के लिए पहचान रखते हैं। अपेक्स हॉस्पिटल की जगह पहले खुद का डॉ. तनवीर मालावत हॉस्पिटल चलाते थे।

9वीं-12वीं क्लास की अर्द्धवार्षिक परीक्षाओं का टाइम-टेबल जारी

25 नवंबर से 7 दिसंबर तक होंगे पेपर; पंचायत चुनाव के कारण बदला शेड्यूल

थिंक राजस्थान • बीकानेर

राज्य स्तरीय समान परीक्षा योजना के तहत शैक्षणिक सत्र 2026-27 की 9वीं से 12वीं क्लास तक की अर्द्धवार्षिक परीक्षाएं 25 नवंबर से 7 दिसंबर तक आयोजित होंगी। माध्यमिक शिक्षा निदेशक ललित कुमार ने आदेश जारी किए हैं।

आदेश के अनुसार निर्धारित समय-सारणी में शामिल विषयों की परीक्षाएं तय कार्यक्रम के अनुसार होंगी। जिन विषयों की जानकारी टाइम टेबल नहीं है, उनकी परीक्षा स्कूल स्तर पर आयोजित की जाएगी। स्कूल स्तर की परीक्षाएं और प्रायोगिक विषयों की परीक्षाएं निर्धारित टाइम टेबल के अंतराल वाले दिनों में कराई जाएंगी। इसके अलावा इस बार प्राइवेट स्कूलों में पेपर नहीं रखे जाएंगे।

पंचायत चुनाव के कारण बदला परीक्षा का कार्यक्रम

राज्यभर में अर्द्धवार्षिक परीक्षाएं 15 अक्टूबर से 27 अक्टूबर के बीच होनी थी, लेकिन पंचायत चुनाव के कारण शिक्षा विभाग को टाइम टेबल बदलना पड़ा। अब दिसंबर तक अर्द्धवार्षिक परीक्षा चलेगी और इसके बाद फरवरी में फाइनल एग्जाम हो सकते हैं। पहली से 8वीं क्लास तक की अर्द्धवार्षिक परीक्षा स्कूल अपने स्तर पर आयोजित करेंगे। शिक्षा विभाग ने पेपर की गोपनीयता और सुरक्षा को लेकर भी सख्त दिशा-निर्देश दिए हैं। प्राइवेट स्कूलों में प्रश्न-पत्र नहीं रखे जाएंगे। प्राइवेट स्कूलों के प्रश्न-पत्र संबंधित पीईईओ/यूसीईईओ के पास रखे जाएंगे। परिस्थितियों के अनुसार पेपर पुलिस थाने में सुरक्षित रखने की व्यवस्था भी की जा सकेगी।

ब्रीफ न्यूज

रकुल प्रीत के बर्थ-डे के लिए जयपुर पहुंचीं भूमि पेडनेकर

थिंक राजस्थान • जयपुर

बॉलीवुड एक्ट्रेस भूमि पेडनेकर शुक्रवार सुबह जयपुर पहुंचीं। वे रकुल प्रीत सिंह की बर्थ-डे पार्टी में शामिल होने आई है। एक दिन पहले एक्टर जैकी भगनानी भी रकुल के साथ जयपुर आ गए थे। उन्होंने अपनी पत्नी रकुल का बर्थ-डे स्पेशल बनाने के लिए खासतौर पर सवाई माधोपुर के पास बरवाड़ा स्थित सिक्स सेंसेज फोर्ट को चुना है। पार्टी में शामिल होने भूमि पेडनेकर आज मुंबई से जयपुर आई। जयपुर एयरपोर्ट पर उनका अंदाज कुछ अलग नजर आया। वह मीडिया कैमरों से बचते हुए बाहर निकलने की कोशिश करती दिखाई दीं, हालांकि इस दौरान वह कैमरे में कैद हो गईं। विक्की कौशल और कैटरीना कैफ ने दिसंबर 2021 में इसी लोकेशन पर शादी की थी। ऐसे में रकुल प्रीत के जन्मदिन के लिए इस जगह का चुनाव एक बार फिर राजस्थान को बॉलीवुड के खास आयोजनों के केंद्र में ला रहा है। जैकी भगनानी गुरुवार को जयपुर एयरपोर्ट से सीधे होटल गए थे। रकुल की बर्थ-डे पार्टी में बॉलीवुड के उनके कई करीबी दोस्त शामिल हो सकते हैं। जैकी भगनानी का परिवार और रकुल प्रीत सिंह का परिवार भी इस आयोजन में शामिल होने के लिए राजस्थान पहुंचने वाला है। हालांकि, पार्टी में शामिल होने वाले सभी मेहमानों की आधिकारिक सूची सामने नहीं आई है। राजस्थान की ऐतिहासिक लोकेशन, शाही माहौल और लग्जरी सुविधाएं बॉलीवुड सितारों के निजी समारोहों के लिए पसंदीदा विकल्प बनती रही हैं। बरवाड़ा का सिक्स सेंसेज फोर्ट भी इसी वजह से खास पहचान रखता है।

जयपुर के 50 से अधिक इलाकों में आज बिजली कटौती

थिंक राजस्थान • जयपुर

बिजली लाइनों के मेंटेनेंस के कारण शुक्रवार को शहर के 50 से अधिक इलाकों में बिजली बंद रहेगी। कटौती सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक दो अलग-अलग शिफ्टों में होगी। मेंटेनेंस के कारण वैशाली नगर और आसपास के कई इलाके प्रभावित होंगे। सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तकः ग्रीनसिटी, वैशाली एक्सटेंशन 1-2, दा रॉयल उपासना, उमा आंगन, ठाकुरों की ढाणी, महाराजपुरा, द्वारिका, मुकुंदपुरा गांव, बागड़ों की ढाणी, आजाद नगर, केशर नगर, केसोपुरा गांव मेन रोड, विनोबा भावे नगर, वैशाली नगर ए ब्लॉक, गंगा सागर, नंद विहार, जयपुर मेज, गंगानगर शुगर मिल, ढेहर का बालाजी रेलवे स्टेशन, गुलाबबाड़ी, सीताबाड़ी, रैगरों का मोहल्ला, सुखीजा विहार, कुंडा रोड, कासा 10-11, टोयलेर स्कूल, रामेश्वरम कॉलोनी, राधा विहार और आसपास का प्रभावित क्षेत्र। दोपहर 2 से शाम 6 बजे तकः जीवन विहार, कुंती विहार, पितांबर नगर, कैलाशपुरी, श्याम सरोवर, चित्रकूट सेक्टर 5, 6, 9, शिल्प कॉलोनी, मोहन मार्केट, लता सर्किल, अग्रवालों का मोहल्ला, पटेल नगर, लाजपत नगर, राधा गोविंद, ऑक्सीजन सिटी, अटलांटिका होम्स, सोफिया स्कूल, गंगा कोटेजा, जयपुर बाग और आसपास का प्रभावित क्षेत्र।

बीसी के नाम पर सोना-नकदी हड़पने के आरोप, राकेश सोनी व दो बेटों पर तीन और एफआईआर दर्ज

थिंक राजस्थान • सरदारशहर

बीसी/कमेटी के नाम पर सोना और नकदी लेकर वापस नहीं लौटाने के आरोपों को लेकर राकेश सोनी और उसके दो बेटों निखिल व हर्ष के खिलाफ न्यायालय के आदेश पर 6 अक्टूबर को तीन नए मामले दर्ज किए गए हैं। इससे पहले भी राकेश सोनी के खिलाफ एक मामला दर्ज हो चुका है। इस तरह अब तक कुल चार प्रकरण सामने आए हैं। नए मामलों में परिवादियों ने आरोप लगाया कि बीसी/कमेटी में निवेश के नाम पर उनसे सोना और नकदी ली गई, लेकिन भुगतान का समय आने पर राशि व सोना वापस नहीं किया गया। एक मामले में 1.37 लाख रुपये नकद और 13 ग्राम सोना बकाया होने, दूसरे में 70 ग्राम सोना तथा तीसरे में 86.110 ग्राम सोना और 75 हजार रुपये बकाया होने का दावा किया गया है। पहले दर्ज मामले में राजीव सोनी उर्फ सोनू भामा ने बीसी/कमेटी के नाम पर 195 ग्राम सोना और 5.25 लाख रुपये लिए जाने तथा वापस नहीं करने का आरोप लगाया था। पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर दर्ज मामलों में जांच शुरू कर दी है। परिवाद में बाजार में करीब 3 करोड़ रुपये के सोने के लेन-देन में धोखाधड़ी की चर्चा का भी उल्लेख है, हालांकि इसकी स्वतंत्र पुष्टि होना बाकी है। पुलिस के अनुसार बीसी में जमा सोने-नकदी, लेन-देन के दस्तावेज और अन्य आरोपों की जांच की जा रही है। फिलहाल सामने आए चार मामलों के अलावा किसी नए मामले की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

रेवाड़ी-जोधपुर मेल आंशिक रद्द: दिल्ली सराय रोहिल्ला-जोधपुर बदले रूट से चलेगी

थिंक राजस्थान • जोधपुर

रेलवे ने परिचालन कारणों के चलते रेवाड़ी-जोधपुर मेल एक्सप्रेस को आंशिक रूप से रद्द करने का फैसला किया है। वहीं दिल्ली सराय रोहिल्ला-जोधपुर ट्रेन बदले मार्ग से संचालित होगी। इसके अलावा हावड़ा-जोधपुर ट्रेन का विंध्याचल स्टेशन पर अस्थायी ठहराव दिया गया है। बदलाव की अवधि में यात्रियों को यात्रा से पहले ट्रेन का रूट और संचालन जरूर जांचने की सलाह दी गई है। दरअसल, बीकानेर मंडल के लोहारू-परवेजपुर रेलखंड पर समपार फाटक संख्या 124 पर आरयूबी निर्माण के लिए 14 अक्टूबर को ब्लॉक लिया जाएगा। इसके चलते जोधपुर से संबंधित दो ट्रेनों का संचालन प्रभावित रहेगा। जोधपुर मंडल रेल प्रबंधक अनुराग त्रिपाठी के अनुसार, कार्य के चलते ट्रेन संख्या 14824 रेवाड़ी-जोधपुर मेल एक्सप्रेस 14 अक्टूबर को रेवाड़ी के बजाय लोहारू से चलेगी। इस कारण रेवाड़ी-लोहारू के बीच यह रेलसेवा आंशिक रद्द रहेगी। वहीं, ट्रेन संख्या 22421 दिल्ली सराय रोहिल्ला-जोधपुर सालासर सुपरफास्ट 14 अक्टूबर को परिवर्तित मार्ग रेवाड़ी-रींगस-फुलेरा-डेगाना होकर चलेगी। इस मार्ग पर ट्रेन का नारनौल, नीमकाथाना, रींगस, फुलेरा, कुचामन सिटी और मकराना में ठहराव रहेगा। रेलवे द्वारा नवरात्रि मेले के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा एवं अतिरिक्त यात्री यातायात को देखते हुए हावड़ा-जोधपुर/बीकानेर-हावड़ा ट्रेन का 11 अक्टूबर 2026 से 26 अक्टूबर 2026 तक विन्ध्याचल स्टेशन पर 2 मिनट का अस्थायी ठहराव दिया जा रहा है।

जन्म-1 जनवरी 1951
देहांत- 8 अक्टूबर 2026

कॉमन मैन के 'हीरो'

हिंदी और मराठी सिनेमा का वह बुलंद स्वर अब खामोश हो गया, जिसकी एक नज़र ही पूरे दृश्य में जान डाल देती थी। अभिनेता नाना पाटेकर अब हमारे बीच नहीं रहे। 75 वर्ष की आयु में उनके निधन की खबर से पूरा देश शोक में डूब गया है। 'परिंदा' के खौफनाक किरदार से लेकर 'क्रांतिवीर' की गर्जना तक, उन्होंने हर भूमिका में अपनी आत्मा उतार दी। उनके संवाद सिर्फ संवाद नहीं थे, वे आम आदमी की आवाज़ बन गए। पर्दे पर वे जितने तीखे थे, असल ज़िंदगी में उतने ही नरम दिल के इंसान थे। सूखे से जूझते किसानों के लिए 'नाम' फाउंडेशन खड़ा करना हो या सीमा पर पीड़ित परिवारों के आंसू पोंछने जाना। नाना ने हमेशा मदद के लिए हाथ बढ़ाया। उन्होंने दिखावे के लिए नहीं, दिल से परोपकार किया। तभी तो वे कॉमन मैन के हीरो थे। आज उनके चाहने वालों की आंखें नम हैं, पर उनकी अदाकारी और इंसानियत हमारे दिलों में हमेशा ज़िंदा रहेगी। यही कह रहा है... नाना तुम्हे नमन... नाना तुम्हे नमन...

खुदकुशी करने वाले किसानों के परिजनों की मदद की, सूखा पीड़ित परिवारों के लिए भी हाथ बढ़ाया

बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता नाना पाटेकर के निधन से फिल्म जगत के साथ सामाजिक क्षेत्र में भी शोक की लहर है। 75 वर्षीय नाना पाटेकर ने अभिनय के अलावा किसानों और ग्रामीणों की मदद के लिए भी अलग पहचान बनाई। महाराष्ट्र में सूखे, जल संकट और किसानों की आत्महत्या की घटनाओं ने उन्हें इतना विचलित किया कि उन्होंने अपनी निजी जरूरत को पीछे रखकर किसानों की मदद का रास्ता चुना। इसी सोच के साथ उन्होंने 2015 में अभिनेता मकरंद अनासपुरे के साथ मिलकर 'नाम फाउंडेशन' की शुरुआत की। नाना पाटेकर किसानों की समस्याओं को लेकर लगातार आवाज उठाते रहे। फसल खराब होने, कर्ज के बोझ और किसानों की आत्महत्या जैसे मुद्दों पर वे सार्वजनिक रूप से अपनी चिंता जाहिर करते थे। उनका मानना था कि देश का पेट भरने वाले किसानों को संकट के समय अकेला नहीं छोड़ा जाना चाहिए। इसी सोच को संस्थागत रूप देने के लिए 'नाम फाउंडेशन' को औपचारिक रूप से पंजीकृत कराया गया।

'नाम' फाउंडेशन के जरिए सूखाग्रस्त गांवों तक पहुंचाई राहत

किसान परिवारों, महिलाओं और बच्चों के लिए किए कई काम

1.5 करोड़ की कार खरीदने का फैसला बदला

किसानों के प्रति नाना की संवेदनशीलता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि वे करीब 1.5 करोड़ रुपए की लग्जरी कार खरीदने की तैयारी कर रहे थे। इसी दौरान उन्होंने टीवी पर किसानों की आत्महत्या की खबरें देखीं। किसानों की स्थिति ने उन्हें इतना प्रभावित किया कि उन्होंने कार खरीदने का फैसला रद्द कर दिया और जुटाई गई रकम जरूरतमंद किसान परिवारों की मदद में लगा दी। इसके बाद उन्होंने विदर्भ और मराठवाड़ा जैसे सूखाग्रस्त इलाकों में प्रभावित परिवारों तक सीधे आर्थिक सहायता पहुंचाने का काम शुरू किया।

लाखों किसानों और परिवारों तक पहुंची मदद

फाउंडेशन की ओर से किसानों के साथ-साथ उनके परिवारों की भी मदद की गई। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, संस्था ने अपनी स्थापना के बाद से लाखों किसानों को विभिन्न रूपों में सहायता दी। आपदा से प्रभावित हजारों परिवारों को राहत पहुंचाई गई, जबकि शहीद जवानों के परिवारों और किसान परिवारों की विधवाओं की भी मदद की गई। शुरुआती दौर में जरूरतमंद परिवारों को 15 से 25 हजार रुपए तक की आर्थिक सहायता दी गई।

महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने पर जोर

नाना पाटेकर की पहल केवल आर्थिक सहायता तक सीमित नहीं रही। 'नाम फाउंडेशन' के माध्यम से किसान परिवारों की महिलाओं को आमदनी का वैकल्पिक जरिया उपलब्ध कराने की कोशिश की गई। महिलाओं को सिलाई मशीनें, आटा चक्कियां और बकरियां दी गईं, ताकि वे अपने परिवार की आय बढ़ा सकें। किसानों के बच्चों की शिक्षा, भोजन और आवास की व्यवस्था में भी सहयोग किया गया। जरूरतमंद और वंचित दंपतियों के लिए सामूहिक विवाह समारोह आयोजित कराए गए।

गूंजती आवाज़

वह आवाज़ जो पर्दे से उतरकर
सीधे दिल में बैठ जाती है,
कभी गरजती, कभी धीमी होकर
आंखों में नमी लाती है।

बिना सजावट, बिना बनावट,
सच के जैसा सीधा तेवर,
किसान के आंसू पोंछते हाथ,
और संवादों में सुलगता अंगार।

कहीं सख़्त, कहीं कोमल मन,
हर किरदार में अपना रंग,
जो भी देखे, याद रखे,
ऐसा है उनका अभिनय-ढंग।

दुआ है कि यह आवाज़ यूं ही
बरसों-बरस गूंजती रहे,
और पर्दे की यह रोशनी
हमारे दिलों में जलती रहे।

कारगिल में 60 दिन सैनिकों के साथ रहे नाना

सेना की क्विक रिएक्शन टीम का बने हिस्सा, द्रास से कुपवाड़ा तक की गश्त, युद्ध के दौरान 20 किलो घटा वजन

अभिनेता नाना पाटेकर की देशभक्ति केवल फिल्मों तक सीमित नहीं थी। 1999 के कारगिल युद्ध के दौरान उन्होंने भारतीय सेना के साथ करीब 60 दिन बिताए और जवानों के साथ मोर्चे पर सेवाएं दीं। उन्होंने तत्कालीन रक्षा मंत्री जॉर्ज फर्नांडीस से मुलाकात कर सेना के साथ जाने की अनुमति मांगी थी। अनुमति मिलने के बाद वे सेना की क्विक रिएक्शन टीम (क्यूआरटी) का हिस्सा बने।

नाना पाटेकर ने एक इंटरव्यू में बताया था कि फिल्म 'प्रहार' के लिए उन्होंने मराठा लाइट इन्फैंट्री के साथ सैन्य प्रशिक्षण लिया था। इसी अनुभव के कारण उन्हें सेना की गतिविधियों को करीब से समझने का मौका मिला। कारगिल युद्ध के दौरान वे द्रास, लेह,

कुपवाड़ा, बारामूला और सोपोर जैसे इलाकों में रहे। इस दौरान उन्होंने जवानों के साथ गश्त करने के अलावा घायल सैनिकों की मदद भी की और अस्पताल बेस में सेवाएं दीं। नाना ने बताया था कि युद्ध के दौरान उनकी दिनचर्या और परिस्थितियां बेहद कठिन थीं। श्रीनगर पहुंचने के समय उनका वजन करीब 76 किलो था, लेकिन करीब दो महीने बाद लौटे तो वजन घटकर 56 किलो रह गया था। युद्ध के अनुभव ने उन्हें गहराई से प्रभावित किया। नाना पाटेकर को बाद में सेना में मानद कैप्टन का पद दिया गया। उन्होंने 62 वर्ष की उम्र में सेना से सेवानिवृत्ति ली। कारगिल युद्ध के दौरान जब भारतीय जवान अग्रिम मोर्चे पर पाकिस्तान के खिलाफ लड़ रहे थे, उस समय नाना ने अपने अभिनय करियर की परवाह किए बिना सेना के साथ समय बिताया। यही वजह है कि उनकी देशभक्ति का यह अध्याय आज भी उनके प्रशंसकों के लिए प्रेरणादायक माना जाता है।

वर्क आउट करते हुए नाना

नाना के डॉयलॉग जो हमेशा गूंजेंगे

- आ गए मेरी मौत का तमाशा देखने- क्रांतिवीर
- ये मुसलमान का खून, ये हिंदू का खून... बता इसमें मुसलमान का कौन सा, हिंदू का कौन सा- क्रांतिवीर
- सौ में से अस्सी बेईमान, फिर भी मेरा भारत महान- यशवंत
- एक मच्छर साला आदमी को हिजड़ा बना देता है- यशवंत
- धंधे में कोई किसी का भाई नहीं होता- परिंदा
- पंद्रह सौ की नौकरी करने वाला, एक दिन तुझे डेढ़ सौ का कफन पहनाएगा- तिरंगा
- अपना तो उसूल है, पहले लात, फिर बात, उसके बाद मुलाकात- तिरंगा
- हम सब सिस्टम का हिस्सा हैं... सिस्टम डिसाइड करता है, अपन फॉलो करता है- अब तक छप्पन
- भगवान का दिया हुआ सब कुछ है... दौलत है, शोहरत है, इज्जत है- वेलकम
- कुणी घर देता का घर? एका तुफानाला कुणी घर देता का- नटसम्राट

करीब 80 करोड़ की संपत्ति, फिर भी नहीं था दिखावे का शौक

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक नाना पाटेकर की अनुमानित नेटवर्थ करीब 50 से 80 करोड़ रुपए के बीच बताई जाती है। हालांकि, यह आधिकारिक आंकड़ा नहीं है। उनकी संपत्तियों में मुंबई का करीब 750 वर्गफुट का 1 बीएचके फ्लैट शामिल था, जिसे उन्होंने दशकों पहले करीब 1.1 लाख रुपए में खरीदा था और जिसकी मौजूदा कीमत करीब 3 करोड़ रुपए बताई जाती है। गोवा में भी उनका घर था। इसके अलावा पुणे के खड़कवासला के पास करीब 27 एकड़ का फार्महाउस बताया जाता है, जहां खेती की जाती थी। उनके पास महिंद्रा जीप सीजे4, महिंद्रा स्कॉर्पियो और ऑडी क्यू7 जैसी गाड़ियां होने की जानकारी भी सामने आई है।

मग हाथ में, चेहरे पर ठहाका

सोशल मीडिया पर नाना पाटेकर का हाथ में मग लेकर जोर-जोर से हंसने वाला वीडियो इन दिनों खूब वायरल होता है। यह कोई अलग से बनाया गया मीम वीडियो नहीं, बल्कि उनके फिल्मी दृश्य का हिस्सा है। नाना के खास अंदाज, चेहरे के हाव-भाव और ठहाके को लोग अलग-अलग घटनाओं और मजेदार परिस्थितियों से जोड़कर रील्स में इस्तेमाल करते हैं। वीडियो पर नए संवाद, गाने और कैप्शन लगाकर इसे मीम का रूप दिया जाता है। खासकर उनकी स्वाभाविक और जोरदार हंसी लोगों को खूब पसंद आती है। यही वजह है कि यह क्लिप सोशल मीडिया पर बार-बार दिखाई देती है।

करोड़ों के मालिक, लेकिन जिंदगी में सादगी

नाना पाटेकर की सबसे खास बात उनकी सादगी थी। करोड़ों की संपत्ति और दशकों की स्टारडम के बावजूद उनका रहन-सहन दूसरे बड़े फिल्मी सितारों की तरह भव्य नहीं रहा। मुंबई में अपेक्षाकृत छोटा फ्लैट, खेती से जुड़ाव और सामान्य जीवनशैली उनकी पहचान रही। वे अक्सर जमीन से जुड़े व्यक्ति के रूप में नजर आए। नाना ने अपनी लोकप्रियता और कमाई का इस्तेमाल सामाजिक कार्यों में भी किया। किसानों और जरूरतमंदों की मदद के लिए उन्होंने 'नाम फाउंडेशन' के जरिए काम किया। यही वजह है कि उनकी पहचान सिर्फ एक सफल अभिनेता या करोड़पति कलाकार के तौर पर नहीं, बल्कि सादगी और सामाजिक सरोकारों से जुड़े इंसान के रूप में भी बनी।

बांद्रा स्कूल ऑफ आर्ट से पढ़ाई करने वाले अभिनेता का नाम रहा चर्चा में

विश्वनाथ से 'नाना' कैसे बने नाना पाटेकर? मां की सहेली के प्यार ने बदल दी पहचान

'विश्वनाथ गजानन पाटेकर', दस्तावेजों में भी दर्ज है 'नाना'

अभिनेता नाना पाटेकर को दुनिया 'नाना' के नाम से जानती है। दमदार अभिनय, तीखे संवाद और सादगी भरी जिंदगी के कारण उन्होंने फिल्म इंडस्ट्री में अलग पहचान बनाई। हालांकि, बहुत कम लोग जानते हैं कि उनका असली नाम विश्वनाथ गजानन पाटेकर था। 'नाना' नाम के पीछे भी कोई फिल्मी कहानी नहीं, बल्कि बचपन से जुड़ी एक भावुक याद है। नाना पाटेकर का जन्म 1 जनवरी 1951 को महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले के मुरुड-जंजीरा में हुआ था। उनके पिता दिनकर पाटेकर और मां निर्मला पाटेकर थीं। मराठी परिवार में जन्मे नाना ने मुंबई के बांद्रा स्कूल ऑफ आर्ट से पढ़ाई की। बचपन में उनका नाम विश्वनाथ था और स्कूल में उन्हें कई लोग प्यार से 'विशू' भी कहते थे।

मां की सहेली ने प्यार से बुलाया 'नाना'

नाना पाटेकर ने एक पुराने इंटरव्यू में खुद बताया था कि उन्हें 'नाना' नाम उनकी मां की एक करीबी सहेली से मिला। उन्होंने बताया था कि उनकी मां की एक सहेली थीं, जो उनके लिए बिल्कुल बहन जैसी थीं। बचपन में वह उन्हें प्यार से 'नाना-नाना' कहकर बुलाती थीं। धीरे-धीरे घर और आसपास के लोग भी इसी नाम से उन्हें पुकारने लगे और यही नाम उनकी स्थायी पहचान बन गया।

'विशू' कहने पर याद आते हैं स्कूल के दिन

नाना के मुताबिक, अगर आज कोई उन्हें 'विशू' कहकर बुलाता है तो उन्हें तुरंत अंदाजा हो जाता है कि सामने वाला उनके स्कूल के दिनों का कोई पुराना परिचित है। यानी 'विशू' उनके बचपन की पहचान है।



परिंदा जो क्रांतिवीर बना, पद्मश्री समेत मिले कई अवॉर्ड

नाना की वो फिल्में, जिन्हें आज भी लोग करते हैं याद

मुंबई। कई दशकों तक भारतीय सिनेमा पर राज करने वाले दिग्गज अभिनेता नाना पाटेकर अपने फैंस को अलविदा कह गए। अभिनेता ने मुंबई में अपनी पढ़ाई पूरी करने के बाद बॉलीवुड में कदम रखा। उन्होंने साल 1978 में फिल्म 'गमन' से अपने अभिनय करियर की शुरुआत की। इसके बाद इन्होंने 'आज की आवाज', 'परिंदा' और 'एंगर' जैसी फिल्मों में काम किया। उन्हें शुरुआत में सबसे ज्यादा पहचान फिल्म 'अग्नि साक्षी' से मिली। नाना पाटेकर उन चुनिंदा अभिनेताओं में रहे जिन्हें अभिनय के लिए तीन राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार मिले। इसमें परिंदा के लिए सर्वश्रेष्ठ सह-अभिनेता, क्रांतिवीर के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता और अग्निसाक्षी के लिए सर्वश्रेष्ठ सह-अभिनेता। साल 2013 में उन्हें पद्मश्री से भी सम्मानित किया गया।

मराठी फिल्मों में भी किया काम

लगभग पांच दशक लंबे अपने करियर में नाना पाटेकर ने कई तरह के रोल किए। वह सबसे कैरेक्टर आर्टिस्ट के तौर पर मशहूर थे। उन्होंने फिल्मों में खलनायक, विद्रोही, कॉमेडी और गंभीर भूमिकाएं निभाई हैं। बॉलीवुड के अलावा उन्होंने मराठी, तमिल और कन्नड़ फिल्मों में काम किया है। मराठी में उनकी मशहूर फिल्में 'सिन्हासन', 'पक पक पकाक' और 'नटसम्राट' शामिल हैं।

परिंदा- 1989

नाना पाटेकर फिल्म 'परिंदा' उनकी सबसे कामयाब फिल्मों में से एक है। इसमें उन्होंने अन्ना नाम के एक खतरनाक और सनकीलड डॉन का किरदार निभाया था। इस फिल्म में उन्हें बेहतरीन अदाकारी के लिए सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता के लिए राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार मिला था।

तिरंगा- 1993

अभिनेता ने इसमें इंस्पेक्टर शिवाजीराव वाघले का किरदार निभाया था। यह किरदार बेहद दमदार और कड़क पुलिस अधिकारी का था। इसमें राज कुमार और ममता कुलकर्णी भी थे।

क्रांतिवीर- 1994

नाना पाटेकर को 'क्रांतिवीर' में बेहतरीन अदाकारी करने के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का राष्ट्रीय पुरस्कार मिला था। इसमें उन्होंने प्रताप नारायण तिलक का किरदार निभाया है। वह समाज में फैली भ्रष्ट व्यवस्था, सांप्रदायिक नफरत और राजनीतिक ताकतों के खिलाफ आवाज उठाते हैं।

अग्नि साक्षी- 1996

इस फिल्म में अभिनेता ने विश्वनाथ का किदार



निभाया था। इसमें उन्होंने एक सनकी और हिंसक पति की भूमिका निभाई थी। इसमें मनीषा कोइराल और जैकी श्रॉफ थे। फिल्म में शानदार अभिनय करने के लिए उन्हें सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता का राष्ट्रीय पुरस्कार दिया गया।

अब तक छप्पन- 2004

इस फिल्म में अभिनेता ने मुंबई पुलिस के एनकाउंटर स्क्वाड के अनुभवी एनकाउंटर स्पेशलिस्ट इंस्पेक्टर साधु आगाशे का किरदार निभाया था। यह किरदार मुंबई पुलिस के एनकाउंटर स्पेशलिस्ट दया नायक से प्रेरित था।

अपहरण- 2005

नाना पाटेकर की सबसे बेहतरीन फिल्मों में 'अपहरण' भी शामिल है। इसमें उन्होंने तबेज आलम का किरदार निभाया था। बिहार की पृष्ठभूमि पर आधारित इस फिल्म में अभिनेता ने एक शक्तिशाली और भ्रष्ट नेता के रूप में नजर आए थे।

वेलकम- 2007

कॉमेडी फिल्म 'वेलकम' में नाना पाटेकर ने उदय शंकर शेट्टी का किरदार निभाया था। इसमें वह एक खूंखार लेकिन मजाकिया अंडरवर्ल्ड डॉन बने थे। इसमें अक्षय कुमार, कट्रीना कैफ और परेश रावल भी थे।

राजनीति- 2010

प्रकाश झा के निर्देशन में बनी फिल्म 'राजनीति' में नाना पाटेकर ने बृज गोपाल का किरदार निभाया था। वह मुख्य राजनीतिक परिवार के मार्गदर्शक और सलाहकार की भूमिका में थे। इसमें कटरीना कैफ, रणबीर कपूर और अर्जुन रामपाल भी थे।

नटसम्राट- 2016

मराठी फिल्म 'नटसम्राट' में नाना पाटेकर ने गणपतराव 'अप्पा' बेलवलकर का किरदार निभाया था। इसमें उन्होंने एक ऐसे शख्स का किरदार निभाया था जो कभी मशहूर नायक था। मगर बुढ़ापे में उन्हें परिवार की उपेक्षा और अकेलेपन का सामना करना पड़ता है।

वनवास- 2024

इस फिल्म में नाना पाटेकर ने दीपक त्यागी (प्रताप सिंघाना) नाम के एक बुजुर्ग व्यक्ति का किरदार निभाया था। यह किरदार भूलने की बीमारी से ग्रस्त होता है।

नाना की आखिरी फिल्म : नाना पाटकर की आखिरी फिल्म 'ओ रोमियो' थी। अभिनेता ने इसमें डीएसपी इस्माइल खान का किरदार निभाया था। उनका यह किरदार सख्त और तेजतर्रार पुलिस/इंटेलिजेंस अधिकारी का था। इसमें शाहिद कपूर, तृप्ति डिमरी, अविनाश तिवारी, तमन्ना भाटिया, दिशा पाटनी और फरीदा जलाल थीं। 150 करोड़ की लागत से बनी यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सिर्फ 123.10 करोड़ रुपए कमा सकी थी।

हीरो बनने के चक्कर में एक्टर मत खोना

शाहरुख खान ने दिग्गज अभिनेता नाना पाटेकर के निधन पर भावुक श्रद्धांजलि दी है। नाना के साथ अपनी पुरानी तस्वीर साझा करते हुए शाहरुख ने उनके साथ पहली मुलाकात से लेकर उनकी दोस्ती, सीख और साथ बिताए पलों को याद किया। उन्होंने बताया कि नाना अक्सर उन्हें अभिनय को लेकर समझाते थे। उनकी सबसे यादगार बातों में से एक थी, 'हीरो बनने के चक्कर में एक्टर मत खोना।' यही लाइन शाहरुख ने अपनी श्रद्धांजलि के अंत में भी दोहराई।

मैं भगवान को मार देना चाहता हूं

नाना पाटेकर के निधन की खबर सामने आने के बाद राम गोपाल वर्मा ने एक्स पर एक भावुक पोस्ट शेयर किया। उन्होंने लिखा कि हर कोई जानता है कि कोई भी इंसान अमर नहीं है, लेकिन इसके बावजूद उन्हें यकीन नहीं हो रहा कि नाना जैसे मजबूत शख्स इतनी अचानक इस दुनिया से चले गए। राम गोपाल वर्मा ने अपने पोस्ट में नाना की मौत को लेकर अपनी नाराजगी और बेबसी भी जाहिर की। उन्होंने लिखा कि उन्हें नाना के दिल के फेल होने से नफरत है और ऐसा महसूस हो रहा है जैसे वह उस भगवान को मार देना चाहते हैं, जिसने अभिनय के भगवान नाना पाटेकर को उनसे छीन लिया।

बहुत याद आएंगे

अभिनेत्री मनीषा कोइराला ने भी नाना पाटेकर को याद करते हुए सोशल मीडिया पर एक भावुक श्रद्धांजलि दी। उन्होंने अपने संदेश में केवल नाना के कलाकार के रूप में योगदान और उनकी प्रतिभा को याद किया। उन्होंने लिखा कि एक महान अभिनेता, शानदार व्यक्तित्व और अभिनय कला के सच्चे दिग्गज के निधन से वह बेहद दुखी हैं। उन्होंने कहा कि फिल्मों में नाना का योगदान और अभिनय के प्रति उनका समर्पण हमेशा याद रखा जाएगा।

वह एक बेहतरीन अभिनेता थे

रितेश देशमुख ने लिखा, 'मैं शब्दों में बयां नहीं कर सकता कि मैं कितना सदमे में हूं। ऐसा लग रहा है जैसे किसी ट्रक ने मुझे टक्कर मार दी हो। नाना पाटेकर जी के निधन की खबर सुनकर मैं बेहद दुखी हूं। वह एक बेहतरीन अभिनेता थे, जिनकी तुलना किसी से नहीं की जा सकती। अपनी अलग शैली और अभिनय के खास अंदाज से उन्होंने लोगों के दिलों में अपनी एक अलग जगह बनाई। ऐसा कोई किरदार नहीं था, जिसे वह निभा न सकें। उन्होंने हर तरह के किरदार में खुद को साबित किया- चाहे वह एक बड़े पर्दे के हीरो का किरदार हो, डरावने विलेन का या फिर अपने शांत अंदाज वाली कॉमेडी का। वह पर्दे के बाहर भी एक हीरो थे।

नाना पाटेकर ने 'गमन' फिल्म से अपने अभिनय करियर की शुरुआत की और 'ओ रोमियो' तक में काम किया। अभिनेता की सिर्फ फिल्में ही नहीं, बल्कि उनके डायलॉग्स भी काफी चर्चा में रहे। 'साला ये दुख काहे खत्म नहीं होता बे'... नाना पाटेकर सिर्फ अपनी बेहतरीन अदाकारी के लिए नहीं जाने जाते थे। बल्कि, उनके बोलने का अंदाज भी लोगों को काफी पसंद आता था। यही वजह थी कि जब वह अपनी फिल्मों में किसी डायलॉग को बोलते थे, तो वह छा जाता था। अभिनेता ने कभी गुस्से में बोलकर तालियां बटोरीं, तो कभी एक साधारण-सी बात को अपने अंदाज से ऐसा बना दिया कि वह वर्षों तक याद रही। 'क्रांतिवीर' से लेकर 'वेलकम' तक उनके संवादों ने उनके किरदारों को अलग पहचान दी। खास बात यह रही कि नाना की संवाद अदायगी में अभिनय और वास्तविकता के बीच की दूरी लगभग खत्म हो जाती थी। आइए नजर डालते हैं उनके 10 ऐसे संवादों पर, जिनका असर फिल्मों के बाहर भी दिखाई दिया।

जब परदे पर गरजे नाना, आ गए मेरी मौत का तमाशा देखने डायलॉग बोलने का अंदाज भी लोगों को आता था काफी पसंद

आ गए मेरी मौत का तमाशा देखने

यह शायद नाना पाटेकर के कॅरियर का सबसे पहचाना जाने वाला संवाद है। 'क्रांतिवीर' के एक सीन में बोले गए इस डायलॉग में गुस्सा, चुनौती और व्यवस्था के खिलाफ विद्रोह तीनों दिखाई देते हैं। नाना की आवाज और चेहरे के भाव ने इसे महज एक फिल्मी लाइन नहीं रहने दिया। आज भी यह डायलॉग उनके नाम के साथ सबसे पहले याद किया जाता है।

ये मुसलमान का खून, ये हिंदू का खून... बता इसमें मुसलमान का कौन सा, हिंदू का कौन सा?'

अभिनेता का दूसरा डायलॉग भी फिल्म 'क्रांतिवीर' से ही है। इसका असर सिर्फ सिनेमाई नहीं था। नाना का किरदार धर्म के नाम पर होने वाली हिंसा पर सीधा सवाल खड़ा करता है। सवाल बेहद सरल था, लेकिन उसकी ताकत इसी सादगी में थी। खून का रंग एक है तो इंसानों को धर्म के नाम पर अलग क्यों किया जाए? यह संवाद आज भी 'क्रांतिवीर' के सबसे प्रभावशाली दृश्यों में गिना जाता है।

सौ में से अस्सी बेईमान फिर भी मेरा भारत महान

यह डायलॉग व्यवस्था और भ्रष्टाचार पर नाना के किरदार की नाराजगी को सामने रखता है। व्यंग्य के अंदाज में कही गई यह लाइन इतनी लोकप्रिय हुई कि लंबे समय तक भ्रष्ट व्यवस्था पर टिप्पणी करते समय इसे दोहराया जाता रहा। नाना की आवाज ने इस व्यंग्य को और धार दी।

एक मच्छर साला आदमी को हिजड़ा बना देता है

'यशवंत' का यह डायलॉग नाना की आक्रामक संवाद अदायगी का बेहतरीन उदाहरण है। लाइन के शब्द भले ही तीखे हों, लेकिन इसे लोकप्रिय बनाने में नाना की प्रस्तुति का बड़ा योगदान रहा। यह उन डायलॉग में शामिल हो गया, जिनका जिक्र नाना पाटेकर के नाम के साथ आज भी तुरंत होता है।

धंधे में कोई किसी का भाई नहीं होता

'परिंदा' में नाना ने अन्ना के किरदार में अपराध की दुनिया का निर्मम चेहरा दिखाया था। यह डायलॉग उस दुनिया के उसूल को बेहद सीधे शब्दों में सामने रखता है, जहां रिश्तों से ज्यादा मायने स्वार्थ और धंधे का होता है। इस भूमिका ने नाना को हिंदी सिनेमा के सबसे प्रभावशाली नेगेटिव किरदारों में जगह दिलाई।

टीवी मसाला

क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2 के स्लॉट पर आएगा अप्सरा

नई दिल्ली। स्टार प्लस के आइकॉनिक शो 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' के ऑफ-एयर होने की खबर सामने आते ही टीवी गलियारों में हलचल तेज हो गई थी। लेकिन, अब सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि आखिर वो कौन सा शो है और क्या है उसका कॉन्सेप्ट, जो तुलसी और मिहिर विरानी के इस चर्चित पारिवारिक ड्रामे को रिप्लेस करने जा रहा है? 21 अक्टूबर से रात 10:30 बजे शुरू हो रहा नया सुपरनैचुरल फैंटेसी शो 'अप्सरा' टीवी के पारंपरिक दायरे को तोड़कर दर्शकों को एक ऐसी अलौकिक दुनिया में ले जाने वाला है, जिसकी कल्पना अब तक किसी शो में नहीं की गई थी। मुक्ता धोंड के प्रोडक्शन में बने इस शो की कहानी प्राचीन पौराणिक कथा 'समुद्र मंथन के उस अनकहे हिस्से से शुरू होती है, जहां से अमृत कलश और अप्सराओं की उत्पत्ति हुई थी। शो का प्लॉट एक बेहद हैरान कर देने वाली कल्पना पर आधारित है। कलयुग के इस दौर में भी वह दिव्य अमृत कलश धरती पर ही मौजूद है, और स्वर्गलोक ने इस अमृत को बुरी ताकतों से सुरक्षित रखने का जिम्मा अप्सराओं के कुल को सौंपा हुआ है। ये अमृत अगर किसी गलत हाथ में चला गया, तो पूरी मानव सभ्यता का विनाश निश्चित है। आमतौर पर टीवी और फिल्मों में अप्सराओं को केवल सुंदरता, मोहक अदाओं और नृत्य के लिए दिखाया जाता रहा है।लेकिन शो में लीड रोल निभा रहीं समिक्षा जायसवाल (सुनहरी) इस रूढ़िवादी छवि को पूरी तरह तोड़ती नजर आएंगी। सुनहरी कोई ऐसी अप्सरा नहीं है जो किसी राजकुमार या नायक के आने का इंतजार करे, बल्कि वह खुद अपनी लड़ाई की नायक और एक निपुण योद्धा है। लेकिन, इस लड़ाई में सबसे बड़ा मोड़ और दर्द तब आता है, जब अमृत कलश पर कब्जा करने की कोशिश करने वाली कोई और नहीं, बल्कि उसकी अपनी सगी बहन धारा (अनुष्का मर्चेंडे) बन जाती है। अपनों के प्रति प्यार और अमृत की रक्षा के कर्तव्य के बीच सुनहरी का यह अंदरूनी संघर्ष कहानी को बेहद भावुक मोड़ देता है।

स्काउट-काजी में झगड़ा, कैप्टेंसी डिबेट में मचा बवाल

नई दिल्ली। कलर्स और जियोहॉटस्टार पर स्ट्रीम हो रहे देश के सबसे चर्चित रियलिटी शो 'बिग बॉस 20' के घर में हर गुजरते दिन के साथ रिश्तों की उलझन और कड़वाहट नए चरम पर पहुंच रही है। जिस एपिसोड का

आगाज यंग डीएसपी, लव गिल और आम्रपाली दुबे के बीच की हल्की-फुल्की हंसी-मजाक से हुआ था, वहीं दिन ढलते-ढलते एक भयंकर सियासी और आक्रामक अखाड़े में तब्दील हो गया। कैप्टेंसी की अगली दावेदारी हासिल करने के लिए मेकर्स ने घर के भीतर एक लाइव टेलीविजन न्यूज़रूम खड़ा कर दिया, जहां मर्यादा की सीमाएं लांघी गईं और दो कंटेस्टेंट्स के बीच हाथापाई तक की नौबत आ गई। डिबेट की यह चिंगारी मंच से उतरकर सीधे लिविंग एरिया में धधक उठी। काजी के मुद्दे पर बात करते-करते गेमर स्काउट ओपी और काजी तौकीर के बीच जुबानी जंग इतनी बढ़ गई कि दोनों अपना आपा खो बैठे। गुस्सा इस कदर भड़का कि दोनों एक-दूसरे पर झपटने को तैयार हो गए और मामला सीधे तौर पर हाथापाई तक पहुंच गया।

बीएफआई लंदन... में दिखाई जाएगी पाकीजा

नई दिल्ली। 18 अक्टूबर होने वाले प्रतिष्ठित 'बीएफ़आई लंदन फ़िल्म फ़ेस्टिवल' में हिंदी सिनेमा की क्लासिक फ़िल्म 'पाकीज़ा' एक नए 4केरेस्टोरेशन के साथ बड़े पर्दे पर लौटने जा रही है। सेंट्रल लंदन के बीएफ़आई आईमैक्स में होने वाली इस ख़ास स्क्रीनिंग के सभी टिकट करीब एक महीने पहले ही पूरे बिक चुके हैं। टिकटों का 'सोल्ड आउट' होना इस बात की गवाही है कि रिलीज़ के 54 साल बाद भी 'पाकीज़ा' का जादू बरक़रार है। गुज़रा वक़्त उसकी चमक को धुंधला नहीं कर पाया। निर्देशक कमाल अमरोही की इस क्लासिक फ़िल्म का संरक्षण 'फिल्म हेरिटेज फाउंडेशन' ने अमरोही परिवार के सहयोग से किया है। इस नए वर्जन का वर्ल्ड प्रीमियर फ्रांस के ल्यों में 'फेस्टिवल ल्यूमिएर' में होगा, जिसके बाद इसे 'बीएफ़आई लंदन फिल्म फ़ेस्टिवल' में दिखाया जाएगा।

बड़े पर्दे पर पहली बार बाप-बेटे की भिड़ंत

मुंबई। साउथ इंडस्ट्री से नवंबर 2026 में एक अनचाहा क्लैश देखने को मिलने वाला है। सिनेमाघरों में बाप और बेटे आपस में टकराने जा रहे हैं। एक तरफ मामूटी की फिल्म ओम होगी, वहीं दूसरी तरफ दुलकर सलमान की रोमांटिक मूवी आकासम लो ओका तारा। दोनों ही फिल्में टक्कर की लग रही हैं इस वजह से इसे आने वाले समय का एक रोचक बॉक्स ऑफिस क्लैश माना जा रहा है। साथ ही सिनेमा के इतिहास में ये दोनों बाप-बेटे भी बॉक्स ऑफिस पर पहली बार टकरा रहे हैं। अगर दोनों फिल्मों के बीच क्लैश की बात करें तो राजकुमार पेरियासामी की फिल्म ओम पहले 16 अक्टूबर को सिनेमाघरों में आने वाली थी। लेकिन रजनीकांत की जेलर 2 की रिलीज के चलते ऐसा माना जा रहा है कि फिल्म की रिलीज डेट को पोस्टपोन किया गया है।

साउथ सिनेमा के वेटरन एक्टर के तौर पर कमल हासन को जाना जाता है। बात की जाए कमल के एक्टिंग कॅरियर की आइकॉनिक मूवीज के बारे में तो उसमें साल 1996 में आई ब्लॉकबस्टर फिल्म इंडियन का नाम शामिल होता है। करीब 28 साल बाद साल इंडियन का सीक्वल रिलीज किया गया। अब मेकर्स की तरफ से कमल हासन स्टारर इंडियन 3 की आधिकारिक घोषणा कर दी गई। साथ ही फिल्म के फर्स्ट लुक पोस्टर भी साझा किए गए हैं।

लौटकर आ रहा है सेनापति, कमल की इंडियन 3 का ऐलान

नई दिल्ली। करीब 6 दशकों से बतौर अभिनेता कमल हासन सिनेमा जगत में एक्टिव हैं। वैसे तो उन्होंने कई यादगार फिल्में की हैं, लेकिन इंडियन फिल्म फ्रेंचाइजी सबसे खास मानी जाती है। 90 के दशक में शुरू हुई इस सुपरहिट मूवी फ्रेंचाइजी को अब मेकर्स तीसरी किस्त तक ले जाना चाहते हैं। जिसके आधार पर गुरुवार को कमल हासन की इंडियन 3 की अनाउंसमेंट की गई है। दरअसल, 8 अक्टूबर को इंडियन 3 के प्रोडेक्शन

हाउस लाइका प्रोडक्शंस की तरफ से इस मूवी फ्रेंचाइजी के तीसरे पार्ट इंडियन 3 का आधिकारिक ऐलान किया गया है। इंडियन 3 के अलावा कमल हासन का नाम लंबे समय से निर्देशक नाग अश्विन की अपकमिंग मूवी कल्कि 2898 एडी के सीक्वल के लेकर चर्चा में बना हुआ है। बताया जा रहा है कि अगले साल 2027 में कमल की कल्कि को बड़े पर्दे पर रिलीज किया जाएगा। इस मूवी में वह यास्किन का नेगेटिव रोल प्ले करते दिखेंगे।

इस हफ्ते ओटीटी पर रिलीज होंगी कई बेहतरीन फिल्में और सीरीज

परिणीति उठाएंगी जनता के मुद्दे, महिलाओं की सुरक्षा करेंगी कनी

नई दिल्ली। मौसम बदल रहा है। उत्तर भारत में गर्मी से राहत मिली है। अब रातें ठंडी हो रही हैं। ऐसे में लोग घर से बाहर निकल कर घूमने-फिरने जा रहे हैं। कुछ लोग अच्छा वक्त बिताने के लिए सिनेमा का रुख कर रहे हैं। कई लोग घर पर बैठ कर मौसम का आनंद लेना चाहते हैं। इन लोगों के लिए यह वीकएंड खास होने वाला है, क्योंकि इस वीकएंड ओटीटी पर कई फिल्में और सीरीज रिलीज होने वाली हैं।

रिपोर्टिंग लाइव : अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा की फिल्म 'रिपोर्टिंग लाइव' इस वीक की ओटीटी पर रिलीज होने वाली है। यह 09 अक्तूबर को दस्तक देगी। इसमें वे पत्रकार की भूमिका में नजर आएंगी और अवैध रेत खनन का पर्दाफाश करेंगी। फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। परिणीति के अलावा फिल्म में देवेन भोजानी, अमोल पालेकर, आदिल हुसैन और शेखर सुमन जैसे सितारे हैं।

आवारापन 2 : इमरान हाशमी अभिनीत फिल्म 'आवारापन 2' ने सिनेमाघरों में अच्छा प्रदर्शन किया। इसके बाद इसे ओटीटी पर भी रिलीज किया गया। मगर, अब तक यह सिर्फ रेंट पर उपलब्ध थी। इसे देखने के लिए दर्शकों को जेब ढीली करनी पड़ रही थी। मगर, अब यह मासिक सब्सक्रिप्शन वाले यूजर्स के लिए भी 09 अक्टूबर से उपलब्ध रहेगी। इसे प्राइम वीडियो पर देखा जा सकता है।

आइज: मलयालम वेब सीरीज 'आइज' 9 अक्टूबर को सोनी लिव पर रिलीज होने वाली है। इसकी कहानी पुलिस अफसर टीना सेबेस्टियन (कनी कुसरुति) के आस-पास घूमती है। वह स्टॉकिंग के परेशान करने वाले मामलों की जांच करती हैं। इन मामलों को सुलझाने के लिए वह मेंटल हेल्थ एक्सपर्ट्स के साथ मिलकर काम करती हैं, ताकि अपराधियों की सोच को समझ सकें।



मंदादि : यह तमिल भाषा की स्पोर्ट्स एक्शन ड्रामा फिल्म है। यह 10 सितंबर 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। बॉक्स ऑफिस पर इसने शानदार प्रदर्शन किया। अब यह फिल्म ओटीटी पर दस्तक देने जा रही है। सूरी और सुहास अभिनीत यह फिल्म 08 अक्तूबर से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी।

बिलो : *यह कनाडाई थ्रिलर वेब सीरीज है, जो 08 अक्तूबर 2026 को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने वाली है। जोश हार्टनेट, मैकेंजी डेविस और चार्ली हीटन अभिनीत यह सीरीज समुद्र किनारे बसे एक छोटे से शहर की कहानी पर आधारित है। शहर पर अचानक एक रहस्यमयी समुद्री जीव का आतंक शुरू हो जाता है। ऐसे में एक मछुआरा सामने आता है, जो अपने समुदाय और परिवार की सुरक्षा के लिए खतरनाक जीव से दो-दो हाथ करता है।*

टेक चार्ज ऑफ माय हार्ट : *अगर के-ड्रामा सीरीज में आपकी दिलचस्पी है तो यह सीरीज आपके लिए है। इसे 09 अक्तूबर से नेटफ्लिक्स पर देख सकेंगे। इसकी कहानी एक बड़े कारोबारी घराने के वारिस की है, जिसके शरीर में आर्टिफिशियल हार्ट लगा है। उसकी जिंदगी में एक लड़की आती है।*

एनिमल्स : *यह एक अमेरिकी क्राइम थ्रिलर फिल्म है। बेन अफ्लेक निर्देशित 'एनिमल्स' 09 अक्तूबर से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। इसमें अफ्लेक, केरी वाशिंगटन, जिलियन एंडरसन, एड्रियाना पाज और लुइस गेरार्डो मेंडेज हैं। यह एक राजनीतिक क्राइम थ्रिलर फिल्म है, जो एक मेयर पद के उम्मीदवार के इर्द-गिर्द घूमती है।*

नाना पाटेकर ने निशानेबाजी में जीते हैं कई राष्ट्रीय पदक, क्रिकेट के थे बड़े प्रशंसक

एजेंसी ▶▶| मुंबई

भारतीय सिनेमा के दिग्गज अभिनेता नाना पाटेकर का गुरुवार को गोवा स्थित उनके आवास पर दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। उनको खेलों के प्रति गहरे लगाव के लिए भी याद किया जाता रहेगा। वह क्रिकेट के बड़े प्रशंसक थे। नाना ने एक बार बताया था कि वह ऑफ स्पिन गेंदबाजी करते थे और मुंबई के मशहूर शिवाजी पार्क में बल्लेबाजों को नेट्स में गेंदबाजी किया करते थे। उन्होंने निशानेबाजी के कई राष्ट्रीय चैंपियनशिप में हिस्सा लिया था। नाना पाटेकर को क्रिकेट का भी काफी शौक था। वे कैसे भी समय निकालकर क्रिकेट मैच देखा करते थे।

लंबे समय तक निशानेबाजी से जुड़े रहे नाना

निशानेबाजी में नाना की उपलब्धियों के चलते उन्हें 'रेनाउंड शॉट' का दर्जा मिला। इसके बाद उन्हें बिना शुल्क राइफल आयात करने की अनुमति भी मिली। उम्र बढ़ने के बावजूद उनका निशानेबाजी के प्रति जुनून कम नहीं हुआ। उन्होंने 60 साल की उम्र पार करने के बाद भी इस खेल को जारी रखा और राष्ट्रीय व राज्य स्तर की प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेते रहे। नाना लंबे समय तक प्रतिस्पर्धी निशानेबाजी से जुड़े रहे और इस खेल के प्रति लगन बनाए रखी।

फिल्म की तैयारी की निशानेबाजी बन गई जुनून

नाना के लिए फिल्म की तैयारी के तौर पर शुरू हुई निशानेबाजी धीरे-धीरे जीवनभर का जुनून बन गई। साल 2004 में इंदौर के बीएसएफ रेवती रेंज में आयोजित 48वीं राष्ट्रीय निशानेबाजी चैंपियनशिप में उन्होंने 300 मीटर बिग-बोर स्पर्धा में रजत पदक जीता था। इसके 3 साल बाद उन्होंने महाराष्ट्र की टीम के लिए कांस्य पदक हासिल किया। उन्होंने 600 में से 549 अंक बनाए और व्यक्तिगत वर्ग में 12वें स्थान पर रहे थे।

नाना निशानेबाजों की करते थे मदद

नाना उभरते हुए राइफल निशानेबाजों की भी मदद करते थे। वह उनके प्रशिक्षण, कारतूस और जरूरी उपकरणों पर आने वाले बड़े खर्च को पूरा करने में सहयोग करते थे। नाना राष्ट्रीय स्तर के निशानेबाजों के लिए बेहतर आर्थिक पुरस्कारों की भी वकालत करते थे। उनका मानना था कि ऐसे प्रोत्साहन खिलाड़ियों को अपने जुनून को जारी रखने में मदद करेंगे और निशानेबाजी में उनके करियर को आगे बढ़ाने के लिए जरूरी सहारा देंगे।

प्रहार फिल्म से शुरू की निशानेबाजी की तैयारी

नाना ने बताया था कि निशानेबाजी में उनका सफर 40 की उम्र में शुरू हुआ। वह निशानेबाजी प्रतियोगिताओं के पुरस्कार वितरण समारोहों में मुख्य अतिथि बनकर जाते थे। इस दौरान उन्होंने कई तरह की बंदूकों पर हाथ आजमाया। उन्होंने बताया था कि वह बोतल के छोटे ढक्कन जैसे बेहद छोटे निशानों पर भी निशाना साधने लगे थे। 1991 की फिल्म 'प्रहार' की तैयारी के दौरान उन्होंने इसकी तैयारी शुरू की थी। उन्होंने भारतीय सेना से प्रशिक्षण लिया था।

खबर संक्षेप

अनुष्का के दो गोल से भारत ने सीरिया को हराया

सेलायंग (मलेशिया)। भारत की अंडर-17 महिला फुटबॉल टीम ने एएफसी अंडर-17 महिला एशियाई कप चीन 2027 क्वालीफायर के ग्रुप ई के अपने दूसरे मुकाबले में बृहस्पतिवार को सीरिया को 2-0 से हराकर अपने अभियान में एक और महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया। इराक के खिलाफ पहले मैच में भारत की रिकॉर्ड 14-0 की जीत में पांच गोल करने वाली अनुष्का (छठे और 54वें मिनट) ने दोनों हाफ में एक-एक गोल दागकर क्वालीफायर में अपने गोल की संख्या सात कर ली। इस जीत से भारत के दो मैच में छह अंक हो गए हैं। अब ग्रुप ई में उसका आखिरी मुकाबला 11 अक्टूबर को मेजबान मलेशिया से होगा। केवल ग्रुप में शीर्ष पर रहने वाली टीम ही एएफसी अंडर-17 महिला एशियाई कप चीन 2027 के लिए क्वालीफाई करेगी।

धनंजय ने छोड़ी कप्तानी कुसल को श्रीलंका की कमान

कोलंबो। श्रीलंका के टेस्ट कप्तान धनंजय डिसिल्वा ने बृहस्पतिवार को तुरंत प्रभाव से टेस्ट कप्तान का पद छोड़ दिया जिसके बाद कुसल मेंडिस को यह जिम्मेदारी सौंपी गई। अगले महीने पाकिस्तान के खिलाफ होने वाली दो टेस्ट की श्रृंखला कप्तान के रूप में मेंडिस की पहली श्रृंखला होगी। मेंडिस पहले ही एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय और टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम की अगुआई कर रहे हैं। श्रीलंका के लिए 31 वर्षीय मेंडिस ने 75 टेस्ट सहित कुल 343 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेले हैं। कुसल मेंडिस की नियुक्ति का फैसला आज श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड के मुख्यालय में हुई चयन समिति की बैठक में लिया गया।

होप्स, हाडिन पंजाब किंग्स के कोचिंग स्टाफ से हटे

नई दिल्ली। पंजाब किंग्स के तेज गेंदबाजी कोच जेम्स होप्स और फील्डिंग कोच ब्रैड हाडिन ने अपना पद छोड़ दिया है। रिपोर्ट में यह दावा किया गया है लेकिन इंडियन प्रीमियर लीग की इस टीम ने अभी तक इसकी औपचारिक पुष्टि नहीं की है। रिपोर्ट के अनुसार इन दोनों ने हाल में पंजाब किंग्स के प्रबंधन को अपने फैसले की जानकारी दे दी थी। रिपोर्ट में कहा गया था कि इन दोनों के पद छोड़ने की संभावना पहले से ही थी क्योंकि होप्स को क्वींसलैंड और ब्रिसबेन हीट का मुख्य कोच नियुक्त किया गया है, जबकि हाडिन न्यू साउथ वेल्स की पुरुष टीम का कोच पद संभालेंगे। होप्स कुछ सत्र पहले मुख्य कोच रिकी पोंटिंग के साथ दिल्ली कैपिटल्स से पंजाब किंग्स में शामिल हुए थे।

भारत बनाम वेस्टइंडीज: दूसरा टी-20 मैच

टीम इंडिया बढ़त बढ़ाने और वेस्टइंडीज बराबरी करने आज दिखाएंगी दमखम

एजेंसी ▶▶| रांची

भारतीय क्रिकेट टीम ने पांच मैचों की सीरीज के पहले मैच को जीतकर बढ़त बनाई हुई है। अब सीरीज का दूसरा मैच 9 अक्टूबर को रांची के जेएससीए इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला जाएगा। श्रेयस अय्यर की कप्तानी में मेजबान टीम दूसरे टी-20 को भी जीतकर सीरीज में अपनी बढ़त दोगुना करना चाहेगी। दूसरी तरफ शाई होप के नेतृत्व में कैरेबियाई टीम पलटवार के इरादे से उतरेगी।

संजू सैमसन को छोड़कर भारत के सभी बल्लेबाज फॉर्म में हैं। टीम प्रबंधन युवा सनसनी वैभव सूर्यवंशी को अभिषेक शर्मा के साथ पारी का आगाज करने के लिए भेज सकता है। भारतीय टीम यहां जीत हासिल करने पर पांच मैचों की श्रृंखला में 2-0 की बढ़त बना लेगी, लेकिन उसके लिए सैमसन का खराब प्रदर्शन चिंता का विषय बना हुआ है।

वेस्टइंडीज पर भारत का पलड़ा रहा है भारी

अब तक दोनों देशों की भिड़ंत में भारतीय टीम का पलड़ा भारी रहा है। हाउस्टेट के मुताबिक, अब तक ये दोनों टीमें टी-20 प्रारूप में कुल 32 मैचों में आमने-सामने हुई है, इसमें से 21 में भारत को जीत मिली है और 10 मैच वेस्टइंडीज ने अपने नाम किए हैं। इस बीच एक मैच बेनतीजा भी रहा है। भारत ने वेस्टइंडीज के खिलाफ पिछले 6 टी-20 में से 4 में जीत दर्ज की है।

मैच भारतीय समयानुसार रात 7 बजे से शुरू होगा

इन खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर रहेगी नजर

भारत के लिए कप्तान अय्यर ने पहले टी-20 में शतक (102*) लगाया था। वह अपनी फॉर्म को बरकरार रखना चाहेंगे। लखनऊ में अपना टी-20 अंतरराष्ट्रीय डेब्यू करने वाले नमन धीर ने प्रभावशाली गेंदबाजी करते हुए 3 विकेट लिए थे। वह एक बार फिर कमाल करना चाहेंगे। वेस्टइंडीज के कप्तान होप इस समय जोरदार फॉर्म में चल रहे हैं। उन्होंने पहले टी-20 में भी अर्धशतक (52*) लगाया है।

पिच का मिजाज

रांची के जेएससीए इंटरनेशनल स्टेडियम कॉम्प्लेक्स की पिच आमतौर पर संतुलित होती है, लेकिन मैच आगे बढ़ने के साथ धीमी हो जाती है और ऐसे में स्पिन गेंदबाजों को अच्छी मदद मिलती है। हाउस्टेट के मुताबिक, इस मैदान पर अब तक 4 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले जा चुके हैं, जिसमें पहले बल्लेबाजी करने वाली और बाद में बल्लेबाजी करने वाली टीमों ने 2-2 मैच जीते हैं। यहां पर पहली पारी का औसत स्कोर 161 रन है।

ऐसा रहेगा रांची का मौसम

एक्यूवेदर के अनुसार, 9 अक्टूबर को रांची में बारिश की 55 प्रतिशत संभावना है। अधिकतम तापमान करीब 27 डिग्री और न्यूनतम तापमान 19 डिग्री सेल्सियस के आस-पास रह सकता है। ऐसे में मैच में बारिश का खलल देखने को मिल सकता है।

भारत की संभावित एकादश

अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), ईशान किशन, श्रेयस अय्यर (कप्तान), तिलक वर्मा, शिवम दुबे, नमन धीर, अक्षर पटेल, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, और मयंक यादव।

आईपीएल से फिर टकराएगा पाकिस्तान सुपर लीग

2027 में एक ही समय पर होंगे दोनों टूर्नामेंट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पाकिस्तान सुपर लीग लगातार तीसरे साल इंडियन प्रीमियर लीग के साथ टकराएगी। लीग के 12वें संस्करण का आयोजन 18 मार्च से 2 मई 2027 तक किया जाएगा। 2016 से 2024 तक पीएसएल फरवरी और मार्च में खेली जाती थी। हालांकि, आईसीसी टूर्नामेंटों के कारण 2025 से इसे अप्रैल-मई की अवधि में आयोजित किया जाने लगा। 2025 में पाकिस्तान में चैंपियंस ट्रॉफी और 2026 में भारत-श्रीलंका में टी-20 विश्व कप के कारण कार्यक्रम में बदलाव करना पड़ा।

जनवरी-फरवरी में कड़ाके की ठंड बाधक

जनवरी-फरवरी में पीएसएल कराने की योजना को मुश्किल माना गया। इसकी बड़ी वजह पंजाब का मौसम है, जहां लीग के 4 पारंपरिक आयोजन स्थलों में से 3- लाहौर, मुल्तान और रावलपिंडी स्थित हैं। इन शहरों में जनवरी और फरवरी के दौरान कड़ाके की सर्दी पड़ती है। साथ ही घने कोहरे के कारण दृश्यता भी काफी कम होती है। ऐसे मौसम में मैचों के आयोजन और तय कार्यक्रम को सुचारू रूप से चलाना चुनौतीपूर्ण माना गया।

जनवरी-फरवरी में टूर्नामेंट होने की योजना आगे नहीं बढ़ी

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड और पीएसएल फ्रेंचाइजी ने पिछले महीने हुई संचालन परिषद की बैठक में 12वें संस्करण को जनवरी-फरवरी में कराने की संभावना पर चर्चा की थी। यह चर्चा वली टेक्नोलॉजीज की ओर से मौजूदा समय में प्रसारण से होने वाली कम आय पर चिंता जताए जाने के बाद हुई। वली टेक्नोलॉजीज के पास 2029 तक मीडिया अधिकार हैं और वह लीग की रावलपिंडिज की मालिक भी है। हालांकि, जनवरी-फरवरी में आयोजन की योजना आगे नहीं बढ़ सकी।

सिंधू आर्कटिक ओपन में आगे बढ़ीं थारुन, तन्वी और श्रीकांत बाहर

एजेंसी ▶▶| वांता (फिनलैंड)

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने बृहस्पतिवार को यहां जापान की रिको गुनजी को हराकर आर्कटिक ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया जबकि भारतीय पुरुष एकल खिलाड़ियों का इस पांच लाख डॉलर इनामी प्रतियोगिता में अभियान समाप्त हो गया।

हैदराबाद की 31 वर्षीय सिंधू ने दूसरे दौर के मुकाबले में गुनजी को 21-15, 21-15 से हराया। सिंधू ने जुलाई में जापान ओपन सुपर 750 का खिताब जीता था। छठी वरीयता प्राप्त भारतीय खिलाड़ी का सामना अब शीर्ष वरीय और पूर्व विश्व चैंपियन थाईलैंड की रतचानोक इंतानोन से होगा।

इन खिलाड़ियों को झेलना पड़ी हार

हालांकि, थारुन मान्नेपल्ली और तन्वी शर्मा के लिए दिन निराशाजनक रहा और दोनों को अपने एकल मुकाबलों में सीधे गेम में हार का सामना करना पड़ा। दूसरी वरीयता प्राप्त फ्रांस के क्रिस्टो पोपोव ने मान्नेपल्ली को 21-14, 21-19 से हराया जबकि रतचानोक ने तन्वी को एकतरफा मुकाबले में 21-18, 21-7 से शिकस्त दी। पूर्व विश्व नंबर एक किदांबी श्रीकांत भी शुरुआती दौर में ही बाहर हो गए। उन्हें कनाडा के ब्रायन यांग ने 21-15, 15-21, 21-13 से हराया।

एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी हॉकी में पाकिस्तान की जगह बांग्लादेश

नई दिल्ली। जालंधर और मोहाली में 27 अक्टूबर से पांच नवंबर तक होने वाली एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी पुरूष हॉकी में मेजबान भारत की नजरें एशियाई स्तर पर दबदबा कायम रखने पर लगी होंगी जबकि पाकिस्तान की जगह बांग्लादेश को छह टीम को टूर्नामेंट में जगह दी गई है। हॉकी इंडिया द्वारा जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार छह टीमों के इस टूर्नामेंट में भारत के अलावा जापान, चीन, मलेशिया, दक्षिण कोरिया और बांग्लादेश भाग लेंगे। पंजाब में लगभग दो दशक बाद इस टूर्नामेंट के जरिये अंतरराष्ट्रीय हॉकी की वापसी हो रही है। जापान के आइची नागोया में हाल ही में एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतकर लॉस एंजिलिस ओलंपिक 2028 के लिये क्वालीफाई करने वाली भारतीय टीम चार बार खिताब जीत चुकी है। मुंबई में 2008 के आतंकी हमले के बाद से भारत और पाकिस्तान के बीच द्विपक्षीय हॉकी नहीं खेली गई है।

वीनू मांकड़ ट्रॉफी : छत्तीसगढ़ ने हरियाणा को 7 विकेट से हराया

रोहतक। वीनू मांकड़ ट्रॉफी के एक रोमांचक मुकाबले में छत्तीसगढ़ की अंडर-19 क्रिकेट टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए हरियाणा को 7 विकेट से करारी शिकस्त दी। छत्तीसगढ़ के गेंदबाजों और बल्लेबाजों का यह सामूहिक प्रयास टीम की जीत की मुख्य वजह बना। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी हरियाणा की पूरी टीम 42.4 ओवरों में मात्र 177 रन पर ही ढेर हो गई। हरियाणा की तरफ से गौरिश दहिया ने जिम्मेदारी भरी पारी खेलते हुए 51 रन बनाए, जबकि संदीप ने 45 रनों का योगदान दिया। हालांकि, इन दोनों के अलावा हरियाणा का कोई भी अन्य बल्लेबाज छत्तीसगढ़ के धारदार गेंदबाजी आक्रमण के आगे टिक नहीं सका। छत्तीसगढ़ की ओर से गेंदबाजी में अगमजोत ने सबसे घातक प्रदर्शन किया और हरियाणा के 4 बल्लेबाजों को पवेलियन की राह दिखाई। इसके साथ ही, धनंजय नायक ने 3 और शिवम यादव ने 2 महत्वपूर्ण विकेट चटकाकर हरियाणा की पारी को समेटने में अहम भूमिका निभाई। 178 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी छत्तीसगढ़ की शुरुआत सधी हुई रही। टीम ने 42.5 ओवरों में मात्र 3 विकेट के नुकसान पर 178 रन बनाकर आसानी से लक्ष्य हासिल कर लिया और 7 विकेट से शानदार जीत अपने नाम की।

रायपुर की किरण पिस्दा का भारतीय सीनियर महिला फुटबॉल टीम में चयन, रूस के खिलाफ दिखाएंगी दम

रायपुर

छत्तीसगढ़ की बेटी और रायपुर आवासीय बालिका फुटबॉल अकादमी की खिलाड़ी किरण पिस्दा का भारतीय सीनियर महिला फुटबॉल टीम में चयन हुआ है। अब वे रूस के खिलाफ होने वाले दो अंतर्राष्ट्रीय मैत्री मुकाबलों में भारतीय टीम की जर्सी में मैदान पर उतरेंगी। उनकी इस उपलब्धि पर उपमुख्यमंत्री व खेल एवं युवा कल्याण मंत्री अरुण साव ने वीडियो कॉल के माध्यम से उन्हें बधाई दी। उपमुख्यमंत्री साव ने कहा कि भारतीय महिला फुटबॉल टीम में किरण का चयन पूरे छत्तीसगढ़ के लिए गर्व का विषय है। यह उनकी प्रतिभा, कड़ी मेहनत और निरंतर प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने किरण के माता-पिता, प्रशिक्षकों और रायपुर आवासीय बालिका फुटबॉल अकादमी को भी बधाई दी। उन्होंने विश्वास जताया कि किरण भारतीय टीम के लिए बेहतर प्रदर्शन कर प्रदेश का नाम रोशन करेंगी।

फुटबॉल अकादमी में रही महत्वपूर्ण भूमिका

किरण की इस उपलब्धि में खेल एवं युवा कल्याण विभाग की रायपुर स्थित बालिका फुटबॉल अकादमी की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। अकादमी में नियमित प्रशिक्षण, अनुशासित वातावरण, तकनीकी मार्गदर्शन और प्रतिस्पर्धात्मक अवसरों के जरिए उनकी प्रतिभा को निखारा गया। कोच सरिता कुजूर के मार्गदर्शन में किरण के तकनीकी कौशल के साथ मानसिक मजबूती, आत्मविश्वास और दबाव में निर्णय लेने की क्षमता पर भी काम किया गया।

भारतीय सीनियर टीम का प्रतिनिधित्व कर चुकी किरण

भारतीय टीम में किरण की यह वापसी भी है। इससे पहले वे 2022 में नेपाल में आयोजित एसएएफएफ महिला चैंपियनशिप में भारतीय सीनियर टीम का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं। अब फीफा अंतर्राष्ट्रीय मैच विंडो के तहत रूस के खिलाफ दो मुकाबलों के लिए उनका चयन हुआ है। पहला मैच 8 अक्टूबर को शाम 6 बजे और दूसरा 11 अक्टूबर को कोलकाता के किशोर भारती क्रीड़ांगन में खेला जाएगा। खेल एवं युवा कल्याण विभाग की संचालक आकांक्षा शिक्षा खलखो ने भी किरण को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि प्रदेश की अन्य बालिका खिलाड़ियों को बड़े लक्ष्य तय करने और उन्हें हासिल करने के लिए प्रेरित करेगी।

मुंबई के कप्तान सिद्धेश ने किया खुलासा

रणजी से पहले विकेटकीपिंग कर रहे जायसवाल...?

एजेंसी ▶▶| मुंबई

भारतीय क्रिकेट टीम के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल 11 अक्टूबर से शुरू होने वाली रणजी ट्रॉफी में खेलने के लिए तैयार हैं। वह मुंबई क्रिकेट टीम में चुने गए हैं। इस बीच खबर है कि जायसवाल रणजी ट्रॉफी सीजन की तैयारी के दौरान विकेटकीपिंग का अभ्यास भी कर रहे हैं।

मुंबई के कप्तान सिद्धेश लाड ने भी जायसवाल की विकेटकीपिंग करने की पुष्टि की है। वहीं मुंबई की टीम में सूर्यकुमार यादव शुरुआती मुकाबलों के लिए नहीं चुने गए हैं। चयनकर्ताओं ने सरफराज खान जैसे अनुभवी और स्थापित वरिष्ठ खिलाड़ियों को दरकिनार करते हुए सीधे 19 वर्षीय आयुष म्हात्रे को उपकप्तान बनाकर बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है।

यशस्वी टीम के लिए उपयोगी हैं : सिद्धेश

रणजी ट्रॉफी के पहले मैच के लिए मुंबई की टीम में शार्दुल ठाकुर नहीं हैं। वहीं, अजिंक्य रहाणे भी संन्यास ले चुके हैं। ऐसे में जायसवाल टीम के अनुभवी खिलाड़ी हैं और उनसे मुंबई को अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है। लाड ने उनकी उपयोगिता को लेकर आगे कहा, मुझे लगता है कि यशस्वी सिर्फ पहले मैच के लिए उपलब्ध हैं। यशस्वी जैसे खिलाड़ी सिर्फ अच्छा प्रदर्शन ही नहीं करते, बल्कि अपने अनुभव से टीम की वैल्यू भी बढ़ाते हैं।

रणजी ट्रॉफी के लिए मुंबई की टीम

मुंबई की टीम: सिद्धेश लाड (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, आयुष म्हात्रे (उपकप्तान), दिव्यांश सक्सेना, मुशीर खान, सरफराज खान, सुवेद पारकर, आकाश आनंद (विकेटकीपर), हार्दिक तामोरे (विकेटकीपर), शम्स मुलानी, तनुष कोटियान, अथर्व अंकोलेकर, तुषार देशपांडे, मोहित अवस्थी, सिल्वेस्टर डीसूजा, ओंकार तरमले।

यशस्वी विकेटकीपिंग करना चाहते हैं : लाड

मुंबई को अपने पहले मैच में 11 अक्टूबर चंडीगढ़ से भिड़ना है। इस मैच से पहले हुई प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान लाड ने कहा, मुझे लगता है कि यशस्वी विकेटकीपिंग शुरू करने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। मैंने उनसे यही सुना है। वह मुंबई या भारतीय टीम के लिए विकेटकीपिंग करना चाहते हैं। उनका मकसद यही है, मुझे ऐसा ही लगता है, लेकिन इस बारे में मुझे कोई स्पष्ट जानकारी नहीं है।

जायसवाल ने 10 ओवर विकेटकीपिंग भी की

रिपोर्ट्स के मुताबिक, रणजी ट्रॉफी से पहले मुंबई के एक अभ्यास मैच के दौरान जायसवाल ने लगभग 10 ओवर तक विकेटकीपिंग भी की है। लाड ने कहा, उन्होंने विकेटकीपिंग का अभ्यास शुरू कर दिया है क्योंकि उन्हें लगता है कि वह अपने खेल में कुछ और जोड़ना चाहते हैं। मुझे पक्का नहीं पता कि उनका इरादा क्या है, लेकिन अभी वह विकेटकीपिंग का अभ्यास कर रहे हैं और अगर वह ऐसा करते रहे, तो उन्हें इसकी आदत हो जाएगी।

भारत ने की निंदा, कहा- नागरिक ठिकानों को निशाना बनाना अस्वीकार्य

सऊदी एयरपोर्ट पर हूतियों का हमला, 3 की मौत, 36 घायल जवाब में सऊदी ने की यमन के 80 ठिकानों पर एयरस्ट्राइक

नई दिल्ली

सऊदी अरब के दो एयरपोर्ट्स पर हूती विद्रोहियों ने ड्रोन और मिसाइल से हमले किए। इसमें 3 लोगों की मौत हो गई है। साथ ही 36 लोग घायल हुए हैं। सऊदी अरब की जनरल अथॉरिटी ऑफ सिविल एविएशन (जीएसीए) ने बुधवार को यह जानकारी दी। आभा इंटरनेशनल एयरपोर्ट और रियाद के किंग खालिद इंटरनेशनल एयरपोर्ट को 6 और 7 अक्टूबर को निशाना बनाया गया। हूती विद्रोहियों ने दोनों हमलों की जिम्मेदारी ली है। वहीं, यमन में सऊदी के नेतृत्व वाले गठबंधन ने कहा कि उसने हूतियों के 80 से ज्यादा सैन्य ठिकानों पर जवाबी कार्रवाई की है।

आभा इंटरनेशनल एयरपोर्ट और रियाद के किंग खालिद इंटरनेशनल एयरपोर्ट को 6 और 7 अक्टूबर को निशाना बनाया गया। हूती विद्रोहियों ने दोनों हमलों की जिम्मेदारी ली है

हूतियों ने यमन में 11 मिसाइलें दागीं, 30 की मौत का दावा

सऊदी अरब के रियाद में किंग खालिद इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर हूतियों का हमला

भारत ने सऊदी के साथ खड़े होने का दिया भरोसा

भारत ने गुरुवार को सऊदी अरब के अबहा इंटरनेशनल एयरपोर्ट और रियाद के किंग खालिद इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर पिछले कुछ दिनों में हुए हमलों की कड़ी निंदा की। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि भारत अबहा और किंग खालिद इंटरनेशनल एयरपोर्ट को निशाना बनाकर किए गए हमलों की निंदा करता है। मंत्रालय के मुताबिक, इन हमलों में नागरिकों की जान गई और कई लोग घायल हुए। आम लोगों के इस्तेमाल वाले बुनियादी ढांचे को निशाना बनाना किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं किया जा सकता।

विदेशी नागरिकों ने हमले में जान गंवाई

आभा एयरपोर्ट पर हमले में मोरक्को और अल्जीरिया की दो महिला नागरिकों की मौत हुई। साथ ही यहां 28 लोग घायल हुए। इनमें सऊदी, बांग्लादेशी और फिलीपींस के नागरिक शामिल हैं। वहीं, किंग खालिद इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर एक सूडानी नागरिक की मौत हुई। यहां 8 लोग घायल हुए, जिनमें 5 सऊदी नागरिक, 2 मिस्र के निवासी और एक पाकिस्तानी निवासी शामिल हैं। जीएसीए ने बताया कि सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया है। साथ ही अधिकारी सुविधाओं की सुरक्षा की जांच कर रहे हैं और यात्रियों की सुरक्षा के लिए जरूरी कदम उठा रहे हैं।

सऊदी ने यमन में मिसाइल ठिकाना नष्ट किया

इस बीच, यमन में सऊदी अरब के नेतृत्व वाले सैन्य गठबंधन ने दावा किया कि उसने रियाद पर हमले के लिए इस्तेमाल किए गए एक बैलिस्टिक मिसाइल लॉन्च प्लेटफॉर्म को नष्ट कर दिया है। गठबंधन के प्रवक्ता कर्नल तुर्की अल-मालिकी ने कहा कि यह कार्रवाई यमन की राजधानी सना में की गई। उनके मुताबिक, वहां सऊदी अरब पर एक और हमले की तैयारी चल रही थी और हमला जल्द किया जा सकता था।

बाब अल-मंदेब के पास प्रमुख रास्तों पर निशाना बनाया

हूती सैन्य प्रवक्ता याह्या सरी ने दावा किया कि पिछले 24 घंटे में संगठन ने यमन में सरकारी बलों के 11 ठिकानों पर बैलिस्टिक मिसाइलों से हमले किए। सरी के मुताबिक, यमनी सरकार के बलों को बाब अल-मंदेब के पास प्रमुख रास्तों पर निशाना बनाया गया। उन्होंने दावा किया कि इन हमलों में दर्जनों लोग हताहत हुए, जिनमें सैन्य कमांडर भी शामिल थे।

यमन म हूतया के खिलाफ सैन्य अभियान जारी

यमन सरकार हूती विद्रोहियों के खिलाफ सैन्य अभियान चला रही है। इसका मकसद यमन और बाब अल-मंदेब स्ट्रेट के पास कब्जाए इलाकों को वापस पाना है। 5 अक्टूबर को सऊदी समर्थित यमनी सेना ने हूतियों के खिलाफ बड़ा जवाबी अभियान शुरू किया।

जाआइसा बाला यह व्यवस्थित अपराध

खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) के महासचिव जसीम मोहम्मद अल-बुदैवी ने भी हूती हमलों की निंदा की। उन्होंने इन्हें नागरिकों को निशाना बनाने वाले 'व्यवस्थित अपराध' बताया। नागरिक एयरपोर्ट पर हमले और यात्रियों, कर्मचारियों तथा आम लोगों की जान को खतरे में डालना तनाव को बेहद खतरनाक स्तर तक बढ़ाने वाला कदम है। हमले अंतरराष्ट्रीय कानूनों का खुला उल्लंघन हैं।

खबर संक्षेप

रूस का यूक्रेन पर हमला, 30 की मौत

कीव। यूक्रेन में रूसी हमलों का सिलसिला तेज होता जा रहा है। पूर्वी यूक्रेन में रूसी हमलों में 30 लोगों की मौत हो गई, जबकि कम से कम 18 लोग घायल हुए हैं। इन हमलों में एक बस को भी निशाना बनाया गया। इस बीच राजधानी कीव में बिजली का संकट और गहरा गया है। यूक्रेन में सर्दियों से पहले रूस के हमले लगातार तेज हो रहे हैं। डोनेत्स्क इलाके के सैन्य प्रशासन प्रमुख वादिम फिलाशिकन ने बताया कि क्रामाटोर्स्क और उसके पड़ोसी शहर स्लोवियांस्क में सुरक्षा हालात तेजी से बिगड़ने के कारण पब्लिक ट्रांसपोर्ट रोक दिया गया है।

पुंछ में मिली लैंडमाइन सुरक्षित ढंग से नष्ट की

पुंछ। भारतीय सेना ने गुरुवार को जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले के मेंढर सब डिविजन में लाइन ऑफ कंट्रोल के पास एक लैंडमाइन का पता लगाया, जिसे बाद में सुरक्षित रूप से नष्ट कर दिया गया। बालाकोट के फॉरवर्ड एरिया में रूटीन पेट्रोलिंग के दौरान इस लैंडमाइन का पता चला और बाद में बम डिस्पोजल टीम ने इसे नष्ट कर दिया। घुसपैठ रोकने के सिस्टम के तहत फॉरवर्ड एरिया में कई जगहों पर लैंडमाइन बिछाई जाती हैं। कभी-कभी बारिश में ये बह जाती हैं और बाद में किसी भी अनहोनी घटना से बचने के लिए इन्हें ढूंढकर नष्ट कर दिया जाता है।

भारतीय वायुसेना की 94वीं स्थापना वर्षगांठ पर वायुसेना प्रमुख एयरचीफ मार्शल सिंह बोले

किसी भी चुनौती से निपटने को तैयार वायुसेना 'ऑपरेशन सिंदूर' ने प्रस्तुत किया बड़ा उदाहरण

नई दिल्ली

एपी सिंह ने कहा कि वायुसेना की ताकत या क्षमता का आकलन इस बात से नहीं होता कि वो कितने प्रकार के आधुनिक और मारक अस्त्र-शस्त्रों से लैस है। बल्कि इसका साफ अंदाजा इस बात से लगता है कि वह युद्ध के लिए कितनी तैयार है व आवश्यकता पड़ने पर कितनी तेजी, आत्मविश्वास के साथ दुश्मन पर धावा बोल सकती है

राष्ट्रीय राजधानी से सटे गाजियाबाद स्थित हिंडन वायुसैन्य अड्डे पर गुरुवार को भारतीय वायुसेना ने अपनी स्थापना की 94वीं वर्षगांठ (थीमः अचूक, अभेद्य और सटीक) का जश्न धूमधाम से मनाया। समारोह की अध्यक्षता करते हुए वायुसेना प्रमुख एयरचीफ मार्शल एपी सिंह ने देशवासियों को विश्वास दिलाते हुए कहा कि वायुसेना पूरी सतर्कता, प्रतिबद्धता के साथ किसी भी आपातकालीन परिस्थिति का मुकाबला करने के लिए तैयार है।

इसकी एक झलक पिछले साल 2025 में पहलगाम आतंकी हमले में पाकिस्तान के खिलाफ किए गए ऑपरेशन सिंदूर अभियान में भी साफ तौर पर देखने को मिली है। यह एक ऐसा अभियान था जिसमें देश के हवाई रक्षा बल ने अपनी अचूक मारक क्षमताओं के साथ-साथ सैन्य अभियानों के दौरान तीव्र गति के साथ प्रतिक्रिया करने की अपनी ताकत का भी बखूबी प्रदर्शन किया। उन्होंने बताया कि किसी भी देश के राष्ट्रीय हितों की रक्षा करने के लिए वायुसेना एक प्राथमिक साधन के रूप में मौजूद है।

उन्होंने कहा कि बतौर वायुसेना प्रमुख के रूप में राष्ट्र सेवा करना मेरे लिए बेहद सौभाग्य की बात रही है और आज का यह दिन मुझे गर्व की अनुभूति कराता है।

- एआई, सैटेलाइट ड्रोन तकनीक का उपयोग कर रहे
- तीनों सेनाओं के बीच एकीकरएण काफी मददगार
- 25 अक्टूबर को वाराणसी में होगा फ्लाईपास्ट

1960 के दशक की विंटेज कार में समारोह स्थल पर पहुंचे वायुसेना प्रमुख

महिला योद्धाओं की 'टीम शक्ति' राइफल संग

सुखोई-30 एमकेआई विमान को देखते लोग

ब्रिटिशकालीन 'टाइगर मॉथ' ने अद्भुत करतब दिखाए

राष्ट्र की अपेक्षाओं पर खरा उतरेंगे

एयरचीफ मार्शल सिंह ने कहा कि आज के दौर में वायुसेना की रणनीतिक और परिचालन क्षमताएं सही दिशा में आगे बढ़ रही हैं। हम अपेक्षाओं पर शत-प्रतिशत खरा उतरने और उनसे भी आगे निकलने के लिए कोई कोर कसर बाकी नहीं छोड़ेंगे। उन्होंने कहा कि वायुसेना की ताकत या क्षमता का आकलन इस बात से नहीं होता कि वो कितने प्रकार के आधुनिक और मारक अस्त्र-शस्त्रों से लैस हैं।

गगनयान मिशन, एकीकरण में रही भूमिका

एपी सिंह ने कहा वायुसेना रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन के अलावा अंतरिक्ष क्षेत्र की घरेलू एजेंसियों के साथ भी अपने सहयोग को और अधिक प्रगाढ़ बनाने में लगी है। हमने गगनयान मिशन में भी भूमिका निभाई है। फिलहाल कोशिश वायुमंडल के बाहर अपनी क्षमताओं का विस्तार करने की है। एचएडीआर अभियानों में वायुसेना ने वसुधैव कुटुंबकम के सिद्धांत को ध्यान में रखते हुए बढ़ चढ़कर मदद पहुंचाई है।

वायु योद्धाओं की भव्य परेड हुई

स्थापना दिवस समारोह की शुरुआत वायु योद्धाओं की भव्य परेड से हुई। एयरबेस के टारमैक क्षेत्र में वायुसेना के सुखोई-30 एमकेआई, राफेल, तेजस, जगुआर जैसे लड़ाकू विमानों, डोर्नियर विमान, रोहिणी रडार प्रणाली और ब्रह्मोस, आकाश मिसाइल के अलावा हल्के युद्धक हेलीकॉप्टर प्रचंड, ध्रुव स्थिर प्रदर्शनी का हिस्सा बनें।

एलन मस्क को सरकार की दो टूक

दूरसंचार सेवाओं में निष्पक्ष व भेदभावरहित मंजूरी व्यवस्था लागू

मस्क का आरोप- स्टारलिंक को 'कुछ बड़े कारोबारी समूहों' द्वारा रोका जा रहा

एलन मस्क

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने अरबपति एलन मस्क के उस सोशल मीडिया पोस्ट को खारिज कर दिया है, जिसमें उन्होंने आरोप लगाया था कि भारत में सैटेलाइट संचार सेवाओं के लिए नियामकीय ढांचे को 'भेदभावपूर्ण तरीके' से लागू किया जा रहा है।

संचार मंत्रालय ने स्पेसएक्स के संस्थापक और सीईओ एलन मस्क के इस दावे को 'बेबुनियाद और गलत धारणा पर आधारित' बताया कि भारत में स्टारलिंक को 'कुछ बड़े कारोबारी समूहों' द्वारा रोका जा रहा है। मंत्रालय ने कहा कि सरकार ने सैटेलाइट संचार सेवाओं समेत सभी दूरसंचार सेवाओं के लिए निष्पक्ष और भेदभावरहित मंजूरी व्यवस्था लागू की है।

सुरक्षा आकलन की प्रक्रिया जारी

मंत्रालय के अनुसार, इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि उपलब्ध कराई जा रही सेवाएं उपयोगकर्ताओं और उनके डेटा की सुरक्षा से जुड़ी विभिन्न आवश्यकताओं को पूरा करें। तीनों लाइसेंसधारियों के मामले में सुरक्षा आकलन की प्रक्रिया फिलहाल जारी है। सरकार ने स्पष्ट किया कि किसी लाइसेंसधारी का सुरक्षा आकलन पूरा होने के बाद वह स्पेक्ट्रम आवंटन के अगले चरण के लिए आवेदन कर सकता है।

बांग्लादेश में स्टारलिंक मोबाइल सेवा शुरू

एलन मस्क की सैटेलाइट इंटरनेट कंपनी स्टारलिंक ने बांग्लादेश में अपनी मोबाइल सर्विस शुरू कर दी है। बांग्लादेश में स्टारलिंक मोबाइल को स्थानीय टेलीकॉम कंपनी बांग्ललिंक के साथ मिलकर लॉन्च किया गया है। इस सर्विस के लिए अलग सैटेलाइट डिश की जरूरत नहीं होगी। 4जी फोन सीधे स्टारलिंक के सैटेलाइट से जुड़कर मोबाइल टावर की पहुंच से बाहर भी कनेक्टेड रह सकेंगे। कंपनी का कहना है कि इससे लाखों यूजर्स ऐसे इलाकों में भी मैसेज भेज सकेंगे और लोकेशन शेयर कर सकेंगे।

पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में भारत ने गिनाई उपलब्धियां

लक्ष्य से पांच साल पहले हासिल की 50 प्रतिशत गैर-जीवाश्म ईंधन स्त्रोत क्षमता

एजेंसी ▶▶ मनीला

केंद्रीय विद्युत और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री श्रीपद येसो नाइक ने गुरुवार को फिलीपींस की राजधानी मनीला में आयोजित 20वें पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन (ईएएस) की ऊर्जा मंत्रियों की बैठक में भारत का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने क्षेत्रीय ऊर्जा सहयोग, ऊर्जा सुरक्षा और सुरक्षित, सशक्त, किफायती तथा टिकाऊ ऊर्जा भविष्य के निर्माण के प्रति भारत की उपलब्धियां बताते हुए कहा कि भारत ने अपने 2030 के राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान (एनडीसी) के लक्ष्य से पांच साल पहले ही जून 2025 में गैर-जीवाश्म ईंधन स्त्रोतों से संचयी स्थापित विद्युत उत्पादन क्षमता का 50% हासिल कर लिया था। उन्होंने इसे स्वच्छ ऊर्जा संक्रमण की दिशा में देश की महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया।

श्रीपद येसो नाइक संबोधित करते हुए

आसियान के साथ ऊर्जा साझेदारी

नाइक ने भारत की एक्ट ईस्ट नीति और आसियान के साथ व्यापक रणनीतिक साझेदारी का उल्लेख करते हुए ऊर्जा सहयोग के लिए आसियान कार्य योजना 2026-2030 का स्वागत किया। उन्होंने आसियान पावर ग्रिड, क्षेत्रीय विद्युत पारेषण, बहुपक्षीय बिजली व्यापार, स्वच्छ ऊर्जा और ऊर्जा सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर जोर दिया। पीएम मोदी ने 400 पेशेवरों को प्रशिक्षित करने के माध्यम से आसियान पावर ग्रिड पहल को समर्थन देने की घोषणा की थी।

आईसीजी का सारेक्स-2026 आयोजन

30 देशों के साथ समुद्री बचाव अभियान और क्षमता का प्रदर्शन

अभ्यास करते भारतीय तटरक्षक बल

एजेंसी ▶▶ भुवनेश्वर

भारतीय तटरक्षक बल ने गुरुवार को ओडिशा के पारादीप के पास राष्ट्रीय समुद्री खोज एवं बचाव बोर्ड (एनएमएसएआरबी) की देखरेख में 12वें राष्ट्रीय समुद्री खोज एवं बचाव अभ्यास (सारेक्स-2026) का आयोजन किया। 'खोज एवं बचाव तैयारियों तथा समुद्री सुरक्षा को विस्तृत करने के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग' विषय पर आयोजित इस अभ्यास में समुद्री और हवाई एजेंसियों ने भाग लिया।

इसका उद्देश्य समुद्र में बड़े पैमाने पर बचाव अभियानों के लिए परिचालन तैयारियों, आपसी समन्वय और संयुक्त कार्रवाई क्षमता का प्रदर्शन करना था। इस अभ्यास का अवलोकन भारतीय तटरक्षक बल के महानिदेशक परमेश शिवमणि ने किया।

शिंजो आबे की पत्नी से पीएम मोदी की मुलाकात

शिजों प्रिय मित्र और दूरदर्शी नेता थे : मोदी

नई दिल्ली। पीएम मोदी ने जापान के पूर्व पीएम शिंजो आबे की पत्नी अकी आबे से मुलाकात की और उनके साथ अपने संबंधों को लेकर बात कही। उन्होंने कहा कि अकी आबे का भारत के साथ जुड़ाव लगातार बना हुआ है। पीएम मोदी ने शिंजो आबे को अपना प्रिय मित्र और दूरदर्शी नेता बताया। पीएम मोदी ने कहा कि उन्हें अकी आबे से मिलकर खुशी हुई। उन्होंने शिंजो आबे को याद करते हुए कहा कि वह भारत के प्रिय मित्र थे और उन्होंने भारत-जापान संबंधों को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पीएम मोदी ने शिंजो आबे को एक दूरदर्शी नेता बताया। उन्होंने कहा कि भारत और जापान के संबंधों को मजबूत करने में आबे की भूमिका निर्णायक रही। उनके अनुसार, आबे ने दोनों देशों के बीच रिश्तों को एक नई दिशा देने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। पीएम मोदी ने अपने संदेश में शिंजो आबे के साथ अपनी मित्रता को भी याद किया और उनके योगदान को भारत-जापान दोस्ती से जोड़कर देखा।

सीआईआई पार्टनरशिप समिट में गोयल बोले

एफटीए में अपने हितों का रखा ध्यान, निर्यात के अवसर खोले

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने गुरुवार को यहां 31वें सीआईआई पार्टनरशिप समिट के पूर्वावलोकन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि भारत द्वारा किए गए प्रत्येक मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) और अन्य समझौते संवेदनशील क्षेत्रों, विशेष रूप से भारतीय कृषि, मत्स्य पालन और लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) की रक्षा करते हैं। साथ ही कृषि उत्पादों, मत्स्य पालन और समुद्री उत्पादों, उच्च परिशुद्धता वाली वस्तुओं, इंजीनियरिंग उत्पादों और एमएसएमई द्वारा निर्मित इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों के निर्यात के अवसर खोलते हैं।

पीयूष गोयल और सीएम नायडू

ये समझौते देशों और कंपनियों के लिए भारत में निवेश करने और विश्व के सबसे बड़े बाजार के विकास में भाग लेने के अवसर भी खोलते हैं।

अमेरिका में कई बड़ी आईटी कंपनियों पर ट्रंप प्रशासन ने दिखाई सख्ती

ग्रीन कार्ड से जुड़े परमानेंट लेबर सर्टिफिकेशन प्रोग्राम किए सस्पेंड

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका ने कई बड़ी आईटी कंपनियों को लेकर बड़ा कदम उठाया है। इनमें कॉग्निजेंट, इंफोसिस, टाटा, विप्रो, एचसीएल, कैपजेमिनी, माइक्रोसॉफ्ट और एडोबी जैसी कंपनियां शामिल हैं। इन सभी को इस कार्यक्रम से सस्पेंड किया गया है। अमेरिकी श्रम विभाग ने इन्हें ग्रीन कार्ड से जुड़े परमानेंट लेबर सर्टिफिकेशन प्रोग्राम से सस्पेंड कर दिया है। अमेरिकी अधिकारियों ने इन कंपनियों पर ग्रीन कार्ड प्रोग्राम का दुरुपयोग का आरोप लगाया गया है।

दरअसल, अमेरिका में स्थायी नौकरी के आधार पर ग्रीन कार्ड लेने की प्रक्रिया में परमानेंट लेबर सर्टिफिकेशन प्रोग्राम अहम भूमिका निभाता है। इसके तहत अमेरिकी श्रम विभाग से मंजूरी मिलने के बाद कोई भी कंपनी किसी विदेशी कर्मचारी को अमेरिका में ग्रीन कार्ड के लिए स्पॉन्सर कर सकती है। इस प्रक्रिया में कंपनी को यह बताना होता है कि संबंधित पद के लिए योग्य अमेरिकी कर्मचारी उपलब्ध नहीं है।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप

अमेरिकी कर्मचारियों की जगह विदेशियों से भरी जगह

माइक्रोसॉफ्ट पर लगाए गंभीर आरोप

जेडी वेंस ने लगाए गंभीर आरोप अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने माइक्रोसॉफ्ट पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि माइक्रोसॉफ्ट ने 2025 में करीब 6,000 अमेरिकी कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया था। उस समय यह प्रमाणित किया था कि उसे इन पदों के लिए योग्य अमेरिकी कर्मचारी नहीं मिल रहे हैं। इसके बावजूद माइक्रोसॉफ्ट को 6,000 से ज्यादा एच-1बी वीजा मंजूर हुए और कंपनी ने 3,682 ग्रीन कार्ड के आवेदन दिए। उन्होंने दावा किया कि इनमें करीब 1,000 आवेदन उन्हीं पदों के लिए थे, जिनसे अमेरिकी कर्मचारियों को नौकरी से हटाया गया था। एच-1बी वीजा व्यवस्था का मकसद उन पदों के लिए विदेश से बेहद योग्य लोगों को लाना था, जिन्हें अमेरिकी कर्मचारियों से नहीं भरा जा सकता। लेकिन उन्होंने आरोप लगाया कि यह व्यवस्था अब बड़े पैमाने पर धोखाधड़ी और गड़बड़ी से प्रभावित हो गई है।

9 यूनिवर्सिटी भी जांच के घेरे में

अमेरिकी श्रम विभाग ने 9 यूनिवर्सिटी को भी जांच के दायरे में लिया है। इनमें हार्वर्ड, येल और स्टैनफोर्ड जैसी बड़ी यूनिवर्सिटी शामिल हैं। अमेरिकी अधिकारियों का आरोप है कि इन यूनिवर्सिटी ने अमेरिकी कर्मचारियों की सैलरी कम करने के लिए अंतरराष्ट्रीय छात्रों को काम पर रखने की कोशिश की। श्रम विभाग के महानिरीक्षक एंथनी डी' एस्पोसिटो ने बताया कि इन मामलों में संबंधित संस्थानों को समन भी भेजे जा चुके हैं।

पढ़ाई के बाद नौकरी के लिए देना होंगे 68 लाख रुपए: अमेरिका में पढ़ने वाले विदेशी छात्रों के लिए पढ़ाई के बाद नौकरी करना महंगा हो सकता है। ट्रंप ने हर नए छात्र के लिए 70 हजार डॉलर यानी करीब 68 लाख फीस लगाने का प्रस्ताव रखा है। यह फीस ऑप्शनल प्रैक्टिकल ट्रेनिंग के लिए रखी गई है। इसके तहत विदेशी छात्रों को पढ़ाई पूरी करने के बाद अमेरिका में नौकरी करने की अनुमति मिलती है। फीस उसके कॉलेज/ यूनिवर्सिटी को देनी होगी।

स्वत्वाधिकारी, स्वामी, प्रकाशक प्रदीप सिंह के लिए , मुद्रक ताराचन्द कुमावत, महारानी प्रिंटर्स, प्लॉट नंबर 17, मां वैष्णो देवी नगर, कालवाड़ रोड, जयपुर (राज.) 302012 से मुद्रित व 1003, सोसाइटी नगर, शहीद भगत सिंह कॉलोनी, पाली राजस्थान 306401 से प्रकाशित (सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा)। समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No.: RJMUL/26/A4290, प्रबंध सम्पादक- प्रदीप सिंह, मो.नं. 9983831415